फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 119, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 14

'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 13

**रमज़ान मुबारक**
(बदायूं)
16 मार्च 2024 पांचवा रोज़ा इफ्तार 6:26
17 मार्च 2024 छठवां रोज़ा सहरी 4:57
(कासगंज)
16 मार्च 2024 पांचवा रोज़ा इफ्तार 6:26
17 मार्च 2024 छठवां रोज़ा सहरी 4:59
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## लोकसभा चुनाव तिथियों की आज की जाएगी घोषणा

- कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी होंगे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। आगामी चुनावों में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं।

### लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले राज्यपाल ने दी स्वीकृति

## 12 लाख पेंशनरों का 4% बढ़ा डीए

- वित्त विभाग ने जारी किया जनवरी से 50 फीसदी डीए का आदेश
- एक जनवरी से पेंशन में बढ़कर मिलेगी महंगाई राहत : सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले राज्यपाल ने राज्य के 12 लाख से अधिक पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी की स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई राहत बढ़कर अब 50 प्रतिशत हो गई है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एक जनवरी 2024 से ही पेंशन में बढ़ी हुई महंगाई राहत को जोड़कर देने का आदेश जारी किया है।

राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद तय था कि पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी जल्द ही होगी। वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि राज्यपाल ने महंगाई राहत की दर में वृद्धि का यह लाभ एक जनवरी 2024 से देने की स्वीकति दी है। यह आदेश शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के ऐसे पेंशनर जिन्हें शासकीय पेंशनरों के समान पेंशन/पारिवारिक पेंशन मिलती है, उन पर भी लागू होगा।

लेकिन, यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उपक्रमों के सेवकों पर लागू नहीं होगा। इनके लिए संबंधित विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के संबंध में भी अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

## बीआरएस नेता के. कविता को ईडी ने किया गिरफ्तार

- दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में हुई कार्रवाई

हैदराबाद/नई दिल्ली, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की। तेलंगाना में बीआरएस की एमएलसी कविता को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से शाम 5:20 बजे गिरफ्तार किया गया। ईडी अधिकारियों ने बताया कि कविता के पति डीआर. अनिल कुमार को गिरफ्तारी के बारे में सूचित कर दिया गया है।

ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में पिछले साल कविता से तीन बार पूछताछ की थी और इस साल उन्हें फिर से तलब किया था, लेकिन वह सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश का हवाला देते हुए पेश नहीं हुईं।

# चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### शीर्ष अदालत ने एसबीआई से जवाब तलब किया, 18 मार्च तक दिया समय

- चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉण्ड मामले में सुनवाई के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते सीजेआई डीवाई. चंद्रचूड़ (बाएं)।

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की। सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था।

### आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए और उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि आयोग ने उन आंकड़ों की कोई प्रति अपने पास नहीं रखी है जिन्हें अदालत को सौंपा गया है क्योंकि इसे सीलबंद कवर में दिया गया था।

## ट्रांसपोर्ट कर्मियों की मिलीभगत से लीक हुआ सिपाही भर्ती का पेपर

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता में पूरे घटनाक्रम और कार्रवाई की दी जानकारी
- मामले में 3 और गिरफ्तारी 396 पहुंची मामले से जुड़ी गिरफ्तारियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। डीजीपी ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसमें डॉक्टर और पूर्व में कई परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य शामिल हैं। पेपर लीक मामले में तीन और आरोपी अभिषेक शुक्ला, रोहित कुमार, शिवम गिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

डीजीपी का दावा है कि परीक्षा की दूसरी पाली का पेपर लीक किया गया था। इसकी पुष्टि होने पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 178 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। एसटीएफ ने मामले से जुड़े 396 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने पेपर लीक किया था, जिसमें दो कोड के पेपर लीक किए गए थे। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री ने पेपर के बॉक्स खोलने के लिए बिहार के एक्सपर्ट शुभम मंडल को बुलाया था। मंडल पेशे से डॉक्टर है। बाक्स खुलने के बाद कोड नंबर दो के पेपर की फोटो खींचकर आउट किया गया था।

यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र किसने लीक किया था। इसको लेकर 178 मामले प्रदेश के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे। शुक्रवार को तीन प्रमुख लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान अभिषेक कुमार शुक्ला निवासी प्रयागराज, शिवम गिरी निवासी थाना जिगना, मिर्जापुर और रोहित कुमार पांडे निवासी, थाना कोइरौना, जिला भदोही के रूप में हुई है।

### अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी से निकाले थे पेपर



डीजीपी ने बताया सभी आरोपी अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीएस एक्सप्रेस में मिले थे। कंपनी के ट्रेनिंग एग्जीक्यूटिव अभिषेक शुक्ला ने बताया वर्ष 2021 में प्रयागराज के अंकित मिश्रा से मिला, जो नोएडा के रवि अत्रि का दोस्त था। उसी ने अत्री से मिलवाया था। कंपनी में ही शिवम गिरी और रोहित पांडे मिले थे। रवि यत्री को मालूम था कि यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीआई में ही छपने के बाद पहुंचेंगे। उसने पहले से ही रोहित, शिवम व अभिषेक को लगा दिया था। उसने 20 लाख रुपये खर्च किए थे।

### यूपीटीईटी का पेपर भी कराया था लीक

डीजीपी ने बताया मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा पेपर लीक कराने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2021 में यूपीटीईटी का पेपर लीक करने में भी इसकी भूमिका रही थी। तब एसटीएफ ने उसे जेल भेजा था। संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा मध्य प्रदेश का भी पेपर लीक करने में राजीव की भूमिका थी। वर्ष 2015 की एमबीबीएस परीक्षा का पेपर लीक करने में भी इन आरोपियों की भूमिका रही है।

### एक नजर

#### प्रताप सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रभार

**लखनऊ।** प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान के निदेशक के साथ-साथ यह जिम्मेदारी भी संभालेंगे। जबकि अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। अभी तक माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव के पास ही बेसिक शिक्षा निदेशक का भी कार्यभार था। वहीं, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार बघेल से वापस ले लिया गया है।

## रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो पूर्व आरक्षी दोषसिद्ध

- 30 वर्ष पुराने मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दिया फैसला
- सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को करीब 30 वर्ष पूर्व उत्तराखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को दोषी करार दिया है और सजा सुनाने के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत आईपीसी की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

## येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज



- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोपों से किया इनकार

**बेंगलुरु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद हो सकता है। दावा किया कि उन्होंने शुरू में पुलिस आयुक्त से संपर्क करके संकट में फंसी महिला की मदद की थी, लेकिन बाद में वह उनके खिलाफ हो गई।

## जयाप्रदा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

- ईएसआईसी केस में मिली छह माह की सजा निलंबित

विधि संवाददाता, नई दिल्ली



फिल्म अभिनेत्री व रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को तमिलनाडु के ईएसआईसी (एम्प्लॉयमेंट स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन) केस में बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में सत्र न्यायाधीश के समक्ष जयाप्रदा की विचाराधीन अपील के निस्तारण तक उक्त सजा निलंबित रहेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद को छह माह की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर व अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी तथा दिव्यांगना मलिक वाजपेयी ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जयाप्रदा को दोषसिद्ध करने के फैसले में कई खामियां हैं। मांग की गई कि अपील सत्र अदालत में विचाराधीन है लिहाजा अपील के विचाराधीन रहते, सजा को निलंबित कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि ईएसआईसी द्वारा मांगी गई धनराशि को जयाप्रदा द्वारा जमा करा दिया गया है, बावजूद इसके ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषसिद्ध करार दे दिया।

## सपा की तीसरी सूची जारी, भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

- बिजनौर, नगीना, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस व लालगंज से सपा प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** भदोही सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए छोड़ते हुए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिक और आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से दरोगा सरोज को चुनाव में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से समझौते में मिली 63 सीटों में 36 पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। इससे पहले सपा तीस सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर चुकी है। सपा और कांग्रेस उप्र में मिलकर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश की कुल 80 सीटों में कांग्रेस को सपा ने 17 सीटें दी हैं, जबकि 63 सीटें अपने पास रखी हैं। टीएमसी ने भदोही से ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश दिग्गज नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

## पूर्व विधायक के घर से 30 लाख रुपये और लाखों के जेवर चोरी

- 50 कारतूस भी ले गए चोर, एक रिवाल्वर दरवाजे पर, दूसरा मैदान में छोड़ गए

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : धौरहरा से भाजपा के पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के घर से गुरुवार की रात चोरों ने 30 लाख रुपये और लाखों के जेवरात पार कर दिए।

चोर दो रिवाल्वर और 50 कारतूस भी ले गए, लेकिन जाते समय दोनों रिवाल्वर फेंक गए। बाद में एक रिवाल्वर दरवाजे पर मिली, जबकि दूसरी मैदान में पाई गई। एसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। पूर्व विधायक ने अंदेशा जताया कि कम से कम आठ बदमाशों ने कई दिन की रेकी कर चोरी को अंजाम दिया है। कहा कि वे सामने पड़ जाते तो बदमाश अनहोनी कर सकते थे।

पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी का बेलतुआ गांव में आवास है। वह, पत्नी और बेटा राजीव अवस्थी गुरुवार रात अपने-अपने कमरे में सो गए। करीब डेढ़-दो बजे बदमाश चहारदीवारी फांदकर घर में घुस आए। तिजोरी को काटकर 30 लाख रुपये और सेफ के ताले तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के जेवर, 50 कारतूस, दो रिवाल्वर चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे पत्नी कृष्णा देवी सोकर उठीं, तब चोरी की जानकारी हुई। बाद में रिवाल्वर बरामद हो गए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीओ धौरहरा पीपी सिंह के साथ मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट टीम ने साक्ष्य जुटाए।

> पूर्व विधायक के बेटे ने तहरीर दी है, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। चोरी गए सामान और नगदी का जिक्र नहीं किया है। करीब 60 लाख से अधिक की चोरी का अनुमान है। पांच टीमें लगाई गई हैं।
> –**पीपी सिंह**, सीओ, धौरहरा

### तैयारी — इटावा के भदावरी फार्म में पशु पालन विभाग करेगा संरक्षण और प्रजनन

## बीहड़ में विलुप्त जमुनापारी बकरियों का बढ़ेगा कुनबा

- अप्रैल से होगा पालन, कम कीमत पर पशु पालकों को करेंगे बिक्री

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश के बीहड़ क्षेत्रों में विलुप्त हो रहीं सबसे ज्यादा पाली जाने वाली जमुना पारी बकरियों का कुनबा पशु पालन विभाग इटावा से बढ़ाएगा। जो यहां के भदावरी फार्म में जर्जर व बंद बकरी संरक्षण केंद्र को अप्रैल में वृहद बनाकर जमुना पारी बकरियों का बड़ी संख्या में पालन करेगा। विभाग संरक्षण के लिए इस प्रजाति की बकरियां इटावा की सबसे बड़ी चकर नगर मंडी, आगरा, औरैया, जालौन, झांसी, भिंड आदि यमुना व चंबल नदी से लगे जिलों की बाजारों से खरीदेगा और प्रजनन कर पशु पालकों को योजना के तहत कम दाम पर बेचेगा। यह बकरियां जमुनापार के चंबल जैसे बीहड़ क्षेत्र की प्रजाति हैं। ऐसे स्थानों पर ही रहकर यह झाड़ियां, घास, पत्तियां आदि खाती हैं। इनकी संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है।

### दूध में औषधीय गुण, बकरी की कीमत 70 हजार तक

जमुनापारी बकरी सबसे ज्यादा इटावा के बीहड़ क्षेत्र के साथ आसपास यमुना व चंबल नदी से घिरे क्षेत्रों में होती हैं। इन बकरियों की बिक्री का यहां का चकर नगर मुख्य बाजार है। इन्हें सबसे अच्छी डेयरी के रूप में जाना जाता है। यह बकरी दो लीटर तक दूध देती है। दूध में मिनरल, साल्ट की मात्रा अधिक होती है। औषधीय गुण होने के साथ डेंगू समेत अन्य बीमारी में लाभकारी होता है। दूध महंगा बिकता है और बकरियों की कीमत भी 60 से 70 हजार रुपये तक है। यह जीवन काल में 13 से 15 बच्चे देती हैं। अन्य नस्लों की तुलना में इनकी लंबाई अधिक होती है। जो दो पैरों पर खड़े होकर झाड़ियों की पत्तियां खाती हैं। वजन भी 50-60 किलो तक होता है।

> बीहड़ क्षेत्र की मुख्य प्रजाति जमुना पारी बकरियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रहीं हैं। इटावा के बकरी संरक्षण केंद्र का विस्तार कर संरक्षण करेंगे और प्रजनन के माध्यम से प्रजाति बढ़ाएंगे। पशु पालकों को योजना के तहत बकरी बिक्री करेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी। – **डॉ. अरविंद कुमार वर्मा**, अपर निदेशक, लघु पशु।



### मथुरा बकरी संरक्षण केंद्र की देखरेख में होगा पालन

जमुनापारी बकरियों का संरक्षण करने की योजना उप्र पशु पालन विभाग की है। जो 200 बकरियों का संरक्षण कर शुरुआत करेगा। जबकि संचालन व देखरेख केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा करेगा। इस योजना में इटावा को इसलिए चुना गया क्योंकि जमुनापारी बकरियों का पालन, खरीद-बिक्री का केंद्र है। अन्य जिलों के बीहड़ क्षेत्र भी आसपास हैं और अनुसंधान संस्थान भी दूर नहीं है।

## एक नजर

### वायरल वीडियो की जांच करेंगे बीईओ

विजय नगला/कुंवरगांव। सालारपुर बीआरसी केंद्र पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था। इन शिक्षकों में वितरण के लिए शासन की ओर से किताबें भेजी गईं थीं। उनको वितरण करने के स्थान पर लिपिक द्वारा कबाड़ी के हाथों बेच दिया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसकी जांच करने के लिए बीएसए स्वाती भारती ने बीईओ को नामित किया है।

### नपा ईओ ने लिपिकों को कार्य किया आवंटित

बिल्सी। बिसौली के नगर पालिका के ईओ अनूप राय को डीएम ने बिल्सी नपा का अतिरिक्त चार्ज सौंपा है। उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के साथ ही लिपिकों में कार्य आवंटन किया है। ईओ ने लिपिक युधिष्ठिर सिंह को लेखा संबंधी, मोहित को निर्माण, निशांत वार्ष्णेय को अधिष्ठान, डाक प्राप्त संबंधी व राजीव शर्मा को वसूली सबंधी कार्य सौंपा है। लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी गई है।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई


पीस कमेटी की बैठक में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह।

संवाददाता, कुंवरगांव

अमृत विचार : होली और रमजान को लेकर कुंवरगांव थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने शिरकत की। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को कहा।

कहा कि अगर किसी ने भी किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सीएए को लेकर कई तरह की अफवाह चल रही हैं। जिस पर ध्यान न दिया जाए। सीएए का कार्य अपने देश में नागरिकता दिलाने का है न कि नागरिकता छीनने का। लोगों ने गांवों में होलिका दहन को लेकर समस्या बताई। उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। चैयरमैन पति अरविंद कुमार, मंडल अध्यक्ष नौरंग पाल, मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार, राम शर्मा, पूर्व चेयरमैन पति संजय गुप्ता, प्रधान आरिफ, राजेश, शहंशाह आलम, शिवकुमार, यशवीर सिंह, मास्टर कल्लन मियां अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च



उसहैत। केंद्र सरकार द्वारा सीएए कानून लागू करने के बाद देशभर में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। साथ ही होली, रमजान व लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस और अर्द्धसैनिक बल गांव गांव गश्त कर रहे हैं। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ चांदवताई, नगर उसहैत, रसूलपुर नगला, खेड़ा जलालपुर, रोते, खिरिया मधुकर, बुद्धि नगला, खेतन नगला, भंद्रा में फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर चेयरमैन नवाब हसन, प्रधान नवीजमा, प्रमोद कुमार, ध्यान पाल सिंह, रमजान अली आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर थाना प्रभारी ने लोगों से कहा कि त्योहार आ रहे हैं चुनाव भी आने वाला है ऐसे में सभी लोग आपस में मिलजुल कर रहें। यदि कोई माहौल खराब करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर ग्रामीणों को शांति सद्भाव के साथ रहने की अपील की गयी।

## समावेशी शिक्षा प्रणाली की दी जानकारी

बदायूं, अमृत विचार : नगर संसाधन केंद्र पर नोडल शिक्षक का पांच-पांच दिन का दस दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण चल रहा था। जिसका समापन शुक्रवार को हो गया।

समापन पर नगर शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र जौहर और जिला समन्वयक प्रशिक्षण कृष्ण कुमार ने प्रतिभागियों और ट्रेनर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला समन्वयक ट्रेनिंग ने प्रतिभागियों से ट्रेनिंग की जानकारी ली। चार्ट पर बनाए गए टीएलएम के बारे में विस्तार से बताया। इससे पूर्व ट्रेनर दुर्गेश प्रताप सिंह स्पेशल एजुकेटर द्वारा हिंदी ब्रेल लिपि की मात्राओं सहित लेखन और वाचन की जानकारी दी। ट्रेनर जुगल किशोर यादव स्पेशल एजुकेटर होम वेस एजुकेशन, बाल विकास के स्तर ,गतिविधि चार्ट निर्माण व आदि के बारे में बताया। ट्रेनर राजेश कुमार मौर्य स्पेशल एजुकेटर समर्थ अप्प के संचालन अनुप्रयोग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन आदि की जानकारी दी।

# दिव्यांग और दृष्टि बाधित बच्चों के मूल्यांकन पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, म्याऊ

- समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय द्वितीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अमृत विचार: ब्लॉक संसाधन केंद्र म्याऊ पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय द्वितीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कुल 74 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा दिव्यांग, दिव्यांगता के प्रकार, दिव्यांग बच्चों की पहचान, कारण, निवारण पर चर्चा, श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, बौद्धिक अक्षम एवं विशिष्ट अधिगम दिव्यांग बच्चों के कक्षा प्रबंधन एवं मूल्यांकन पर चर्चा की गई।

श्रवण बाधित बच्चों के लिए साइन लैंग्वेज में पढ़ना बताया गया और दृष्टि बाधित बच्चों के लिए ब्रेल लिपि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षण के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि इस प्रशिक्षण में सीखी हुई सभी बातों को विद्यालय तक ले जाएं। दिव्यांग बच्चों को उनका लाभ पहुंचाएं। इससे बच्चों को मुख्यधारा से आसानी से जोड़ा जा सकेगा। प्रशिक्षण प्रशिक्षक स्पेशल एजुकेटर अरुण कुमार, राजीव कुमार एवं आशीष सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कुसुम कुमारी तबस्सुम, रोमा रानी, हेमलता, सुधीर यादव, अतिकुर रहमान, भुवनेश्वर, अभिषेक मिश्रा, नरेंद्र मोहन, अंशुल, कृष्ण वीर आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभा किया।

# 13 करोड़ से होगा सोत नदी पर पुल का निर्माण

## भारी वाहनों के आवागमन के चलते जर्जर हो गया है बिसौली से बिल्सी मार्ग पर बना रानेट का पुल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः बिसौली क्षेत्र में जर्जर हो चुके रानेट गांव के पास सोत नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा। इसमें13 करोड़ की लागत आएगी, जिसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। जिसकी स्वीकृति मिलना शेष है।

फिलहाल इस पुल पर प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया है लेकिन छोटे वाहनों का आवागमन अब भी जारी है। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जा रहा है। इस पुल के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी।

इस्लामनगर, सहसवान, बिल्सी मार्ग पर गांव निजरां व रानेट के मध्य सोत नदी पर अंग्रेजों के समय का पुल बना हुआ है। पिछले साल 2023, 26 अगस्त को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुल


पुल से गुजरते वाहन।(फइल फोटो)।

का निरीक्षण किया था। विभागीय अधिकारियों ने पुल को जर्जर घोषित करते हुए भारी वाहनों के आवागमन को लेकर चिंता व्यक्त की थी। पुल का निरीक्षण करने के बाद विभागीय अधिकारियों ने मुख्य अभियंता को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद मुख्य अभियंता ने प्रशासन को पत्र लिखकर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने के लिए अनुरोध किया था। पीडब्ल्यूडी विभाग के अनुरोध पर

- प्रशासन ने बंद करा रखा है भारी वाहनों का आवागमन, पीडब्ल्यूडी ने अब शासन को भेजा प्रस्ताव

प्रशासन ने भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए उनके आने जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों को निर्धारित कर दिया। फिलहाल इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बंद हैं। छोटे वाहनों का संचालन जारी है। वहीं, दूसरी ओर पुल के जर्जर घोषित किए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पुल का पुनः निर्माण कराने के लिए शासन में 13 करोड़ से अधिक की धनराशि का प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा है। जिसकी स्वीकृति का विभाग को इंतजार है।

### चालकों को आवागमन में होती है असुविधा

पुल से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर यदु मिल है। इसके पास ही गंगा एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। यदु शुगर मिल पर गन्ना डालने के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों का आवागमन होने के साथ ही गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था के निर्माण सामग्री लाने वाले वाहनों का आवागमन होता था लेकिन प्रतिबंध लग जाने से चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसमें सबसे अधिक दिक्कत शुगर मिल पर गन्ना लाने वाले किसानों को होती है। यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें से 15 से 20 किमी अधिक लंबा रास्ता तय कर पहुंचना पड़ता है।

### इन मार्गों से गुजारे जा रहे वाहन

पुल को बंद कर दिये जाने पर भागीरथ घाट कछला गंगा और यदु शुगर मिल जाने वाले वाहनों को वाया वजीरगंज बिल्सी, इस्लामनगर बहजोई सहसवान जाने वाले वाहनों को वाया ओरक्षी होकर निकाला जा रहा है। वहीं बिल्सी सहसवान इस्लामनगर की ओर से बिसौली आने वाले वाहनों को वाया बिल्सी वजीरगंज होकर बिसौली आना पड़ रहा है जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही उनका ईंधन और समय दोनों अधिक खर्च हो रहे हैं।

> रानेट के नजदीक सोत नदी पर बने पुल को जर्जर घोषित किया हुआ है। इसके निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा गया है। पुल के निर्माण की लागत 13 करोड़ से अधिक आंकी गई है। प्रस्ताव के स्वीकृत होने पर नए पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। **–देवपाल सिंह**, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी

# यूपी बोर्डः आज से चार केंद्रों पर शुरू होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जांची जाएंगी 3.81 लाख उत्तर पुस्तिकाएं, मूल्यांकन केंद्रों पर बढ़ाई गई सख्ती
- जिले के 1552 शिक्षक-शिक्षिकाओं की मूल्यांकन के लिए लगाई गई है ड्यूटी

अमृत विचारः यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन (आज)16 मार्च से शुरू हो जाएगा। इसके लिए चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। सभी मूल्यांकन केंद्रों पर गैर जनपद से कॉपियां आ रही हैं। इस कार्य के लिए 1407 परीक्षक और 1457 डिप्टी हेड की तैनाती की गई है। चारों केंद्रों पर लगभग 3.81 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन परीक्षकों द्वारा किया जाएगा।

हाईस्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज और जीआईसी तथा जीजीआईसी इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज को लगभग 1.10 लाख कॉपियां आवंटित हुई हैं। इसे जांचने के लिए 45 डीएचई और 453 परीक्षक नियुक्त हैं। वहीं, इस्लामिया इंटर कॉलेज में 1.15 लाख हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं आवंटित हैं। इसे जांचने के लिए 44 डीएचई और 432 परीक्षक नियुक्त हैं। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं का मूल्यांकन जीआईसी और जीजीआईसी में होगा। जीआईसी में लगभग 74 हजार कॉपियां भेजी गई हैं। इसके मूल्यांकन के लिए 28 डीएचई और 271 परीक्षक लगाए गए हैं। जीजीआईसी में करीब 82 हजार कॉपियां आवंटित हैं। यहां 28 डीएचई और 251 परीक्षक बोर्ड नियुक्त किए हैं।

डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन 16 से 31 मार्च तक चार केंद्रों पर होगा। मूल्यांकन के लिए परीक्षकों की नियुक्ति परिषद की ओर से ऑनलाइन की गई। परीक्षकों के आई कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उनकी उपस्थिति पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

मूल्यांकन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन कार्य सीसीटीवी की निगरानी में होगा। स्थानीय स्तर के साथ क्षेत्रीय कार्यालय और मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम से की जाएगी।

### पहले दिन डीएचई द्वारा किया जाएगा मूल्यांकन

शनिवार से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो रहा है। इस कार्य के लिए 1552 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। पहले दिन डीएचई द्वारा दस-दस कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। इसके बाद परीक्षकों द्वारा कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

# नुक्कड़ नाटक से नशा मुक्ति का दिया संदेश


नशा मुक्ति का संदेश देतीं छात्राएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम दिवस योगासन व प्राणायाम के पश्चात 'नशा मुक्ति अभियान' पर स्वयंसेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया।

द्वितीय चरण में आयोजित संगोष्ठी में छात्राओं ने जल संरक्षण की चर्चा की। उन्होंने बताया कि दिन पर दिन वाटर लेवल गिरता जा रहा है, क्योंकि धरती के अंदर लगातार पानी की कमी हो रही है। इस पर छात्राओं ने सुझाव दिया कि गांव में तालाब खुदवाने चाहिए, जिससे कि उसमें वर्षा का पानी एकत्र हो सके। पौधों को लगाने के लिए प्रेरित किया गया। हर घर में सैकड़ो लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इसलिए हर घर में सोख्ता बनाए जाने पर जोर दिया गया।

## लंबित ऋण पत्रावलियों को शीघ्र निपटाएंःडीएम

बदायूं, अमृत विचारः शुक्रवार को जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें उन्होंने ऋण संबंधी पत्रावलियों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

बैठक में मौजूद रहे अग्रणी जिला प्रबंधक डॉ रीकेश रंजन ने डीएम के समक्ष जिले की वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2024-25 को स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए। साथ ही बताया कि वर्ष 2023-24 के लक्ष्यों के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंकों को ऋण देने के लिए लगभग 14.33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 6021.97 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसका डीएम ने अनुमोदन किया। साथ ही लंबित ऋण पत्रवलियों को इस सप्ताह निस्तारित कर लक्ष्यों की प्राप्ति करने के निर्देश एलडीएम को दिए। इस दौरान सीडीओ केशव कुमार ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि लोकसभा हेतु प्रत्याशी का नया खाता खोला जाएगा।

# जीवन जीने की कला सिखाता है स्काउट-गाइड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता देता है स्काउट
- कार्यालय पर हुई ट्रेनिंग, समर्पण और त्याग को बताया महत्वपूर्ण

अमृत विचार : स्काउट भवन पर नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं के पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्राकृतिक आपदाओं में स्वयं को तैयार रखने और चुनौतियों का सामना करने की ट्रेनिंग दी गई।

स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग युवाओं को श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करती है। बीएड विभागाध्यक्ष प्रो. मनवीर सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड जीवन जीने की कला सिखाता है। स्काउट से त्याग और समर्पण की भावना जागृत करता है। नियमों का पालन करना, आदर्श स्थापित करना, आदर भाव से समाज में


स्काउट गाइड को ट्रेनिंग देते प्रो. मनवीर सिंह। • अमृत विचार

पहचान बनाना आदि खूबियां केवल स्काउट गाइड में ही मिलती हैं। उनको इस बात का प्रशिक्षण दिया जाता है।पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि अनुशासित युवा शक्ति में हर समस्या का समाधान करने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने बीएड प्रशिक्षुओं को दैनिक कार्यक्रम, शिविर नियम, पेट्रोल ड्यूटी, रोटा चार्ट, स्काउटिंग की परिभाषा, उद्देश्य, सिद्धांत, पद्धति, टोली विधि आदि का प्रशिक्षण दिया। डॉ. विक्रांत उपाध्याय आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर महिमा शर्मा, सोनम, संगीता, कुसुम, प्रशांत, मोहित गौतम, कमल किशोर गुप्ता, अभिषेक सिंह, श्याम मौर्य, अरविंद सिंह, शिल्पी सिंह, परीप्सा, आकृति वर्मा, आदि मौजूद रहीं

# नशा मुक्ति केंद्र के लिए चयनित किए गए अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमएस ने जारी की सूची चार पदों पर नियुक्ति के बाद संभालेंगे कार्यभार

अमृत विचार : जिला अस्पताल में बनाए गए नशा मुक्ति केंद्र पर चार पदों पर कर्मचारी तैनात किए जाने हैं। इसके लिए गत दिवस साक्षात्कार लिया गया। सीडीओ के निर्देश पर परिणाम घोषित कर दिया गया। चारों पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गयी। जिला अस्पताल स्थित नशा मुक्ति केंद्र बनाया गया है। इस पर चार पदों पर चार अभ्यर्थियों की तैनाती की जानी है।

इसके लिए बुधवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार और प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान तथा सीएमएस डा. कप्तान सिंह व एक अन्य सहित चार सदस्यीय टीम ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया था। उसके बाद गुरुवार को अभ्यर्थियों की छंटनी की गयी। शुक्रवार को करीब सौ से अधिक अभ्यर्थियों में से चार अभ्यर्थी चयनित कर उनकी सूची जारी कर दी गयी। चयन समिति द्वारा जारी की गयी सूची में चिकित्सक के पद पर डा. हिरा आलम, स्टाफ नर्स के लिए सुमन गुप्ता, काउंसलर पद के लिए गौरव शंखधार और डाटा मैनेजर के लिए सुरेन्द्र पाल वर्मा को चयनित किया गया है।

यह सभी चयनित अभ्यर्थी जल्द ही अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। सीएमएस डा. कप्तान सिंह द्वारा उक्त जानकारी देते हुए बताया गया कि चयनित अभ्यर्थी 16 मार्च को जिला अस्पताल में उपस्थित रहेंगे।

# अल्लाह की रजा में बीता रमजान का पहला जुमा, लोगोंने अदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : पवित्र महीना रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। नमाज के दौरान मस्जिदें खचाखच भरी रहीं और अल्लाह की रजा में रमजान का पहला जुमा बीता।

मुकद्दस रमजान के पहले जुमा की नमाज के लिए मस्जिदों में भीड़ रही। जामा मस्जिद शम्सी समेत हजरत मीराजी साहब की मस्जिद में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। पूरा दिन इबादत-ए-इलाही में गुजरा। फर्ज नमाजों के साथ कसरत से नफ्ल नमाज अदा की गई। तिलावत-ए-कुरआन शरीफ की गई। तस्बीह व जिक्र के बीच पूरा जुमा रब को राजी करने में गुजरा। हजरत मीराजी साहब की मस्जिद में मौलाना ने कहा कि रोजेदार खुशनसीब हैं। जिसके लिए हर रोज जन्नत सजाई


मस्जिद में रमजान के पहले जुमा की नमाज अदा करते रोजेदार। • अमृत विचार

- रोजेदारों से भरी रहीं मस्जिदें, असल रोजा वही जिससे अल्लाह राजी हो जाए

जाती हैं। रोजेदार की मगफिरत के लिए दरिया की मछलियां दुआ करती हैं। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है बल्कि अपने नफ्स पर नियंत्रण का जरिया है। असल रोजा तो वह है जिससे अल्लाह राजी हो जाए। जब हाथ उठे तो भलाई के लिए, कान सुने तो अच्छी बातें, कदम बढ़े तो नेकी के लिए, आंख देखे तो जायज चीजों को। इसके बाद इफ्तारी की तैयारी शुरू हो गई। शाम को असर की नमाज पढ़ी गई। इफ्तार का इंतजार शुरू हुआ। इफ्तार 6 बजकर 25 मिनट पर हुआ। सभी ने खुदा का शुक्र अदा करते हुए रोजा खोला। रोजा खोलने के बाद मस्जिदों का रूख किया। मगरिब की नमाज अदा की। इसके बाद इशा व तरावीह की नमाज अदा की।

## शेखूपुर मिल ने किया अब तक 33 करोड़ से अधिक का भुगतान

बदायूं, अमृत विचार : शेखूपुर चीनी मिल ने इस पेराई सत्र में 12 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर पिछले साल की तुलना में इस साल 40 हजार क्विंटल अतिरिक्त चीनी का उत्पादन किया है।

शेखूपुर चीनी मिल के प्रबंधक किशन लाल ने बताया कि इस पेराई सत्र में छह करोड़ की धनराशि शासन से मिलने के बाद गन्ना किसानों को भुगतान कर दी गयी। जिसके बाद अब तक कुल 33 करोड़ 52 लाख रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को किया जा चुका है। चीनी मिल द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि इस साल गन्ने की पेराई बेहतर स्थिति में हुई जिससे किसानों को भी गन्ना बेचने में दिक्कत नहीं हुयी। पिछले साल की तुलना में इस साल उत्पादन बेहतर रहा है। इसके बाद किसानों को भुगतान किया गया है।

# तकनीकी सहायक मनरेगा पर धन उगाही के आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः ब्लॉक म्याऊं में कार्यरत कर्मचारियों की भ्रष्टाचारी नीति से जहां आम जनता त्रस्त है। वहीं, प्रधान भी तंग आ चुके हैं। यहां पर मनमानी पर उतारू तकनीकी सहायक मनरेगा पर प्रधानों ने धन उगाही का आरोप लगाते हुए आयुक्त ग्राम्य विकास को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

आयुक्त ग्राम्य विकास को भेजे गए पत्र में प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष कुंवरपाल कश्यप, ग्राम पंचायत कोंडा गुजर के प्रधान होते लाल, बिरिया डांडा की विन्द्रा देवी, रुपामई के कृष्ण कुमार, रोला टाउन बाहर के शैलेंद्र कुमार, म्याऊं के कुंवरपाल, गूरा बरेला की अल्पना और बन वौसरी की प्रधान चंद्रवती ने म्याऊं ब्लॉक में कार्यरत तकनीकी सहायक मनरेगा प्रशांत वर्मा पर धन उगाही और मनमानी करने का आरोप लगाया है।

- प्रधानों ने तकनीकी सहायक पर कार्रवाई के लिए अपर आयुक्त ग्राम्य विकास को लिखा पत्र

प्रधानों ने कहा कि मनरेगा योजना का कोई काम तकनीकी सहायक द्वारा बिना रुपए नहीं किया जाता। काम को तब तक अटकाकर रखा जाता है जब तक उन्हें प्रधानों से की गई रुपयों की मांग पूरी न हो जाए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व उनके द्वारा पिछले साल 2023 में 8 सितंबर को डीएम से तकनीकी सहायक के खिलाफ कार्रवाई की शिकायत की गई थी। जिस पर तत्कालीन बीडीओ अखिलेश चौबे ने दो सदस्यीय टीम का गठन कर जांच कराई थी। परंतु तकनीकी सहायक ने जांचकर्ताओं के साथ आर्थिक सांठगांठ कर प्रधान संगठन का लेटर पैड स्कैन कर फर्जी रिपोर्ट लगा दी गई। साथ ही आईजीआरएस पर की गई शिकायत का उसी फर्जी लेटर पैड को लगाकर निस्तारण कर दिया गया। प्रधानों ने आयुक्त ग्राम्य विकास से तकनीकी सहायक पर कार्रवाई की मांग की है।

### भ्रष्टाचार में लिप्त लिपिक को दिया गया प्रमोशन

उसावां ब्लॉक में कार्यरत रहे एक लिपिक पर प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार किया गया था। तकनीकी सहायक और लिपिक द्वारा गांव किशनी गांव में दस स्थानों पर पति-पत्नी दोनों को आवास दिए जाने का मामला लोगों की शिकायत पर पकड़ में आया था। इस प्रकरण में तत्कालीन बीडीओ ने लिपिक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी थी। इसी दौरान उनका स्थानांतरण हो गया। उनके स्थान पर नए आए बीडीओ द्वारा प्रतिकूल प्रविष्टि को निरस्त कर दिया गया। पूरा प्रकरण मात्र 18 दिनों में निस्तारित कर दिया गया। इसके साथ ही बाबू के खिलाफ कार्रवाई करने के स्थान पर पदोन्नति दे दी गई। जिसकी चर्चा ब्लॉक क्षेत्र के साथ विकास भवन में भी हो रही है।

> तकनीकी सहायक के खिलाफ प्रधानों के द्वारा शिकायत की गई है। जिसकी जांच की जाएगी। जांच में अगर तकनीकी सहायक दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। **– बलराम कुमार**, प्रभारी डीसी मनरेगा

### एक तकनीकी सहायक की हो चुकी है संविदा समाप्त

उसावां में कार्यरत रहे तकनीकी सहायक की संविदा समाप्त की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी से रुपये मांगने के आरोप लगे थे। इस प्रकरण में वहां के बीडीओ को सीडीओ की ओर से प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

> प्रधानों द्वारा जो भी शिकायत की गई है, वह झूठी है। इस प्रकरण की तीन स्तर पर जांच हो चुकी है। प्रधानों द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे है, वह निराधार हैं। **प्रशांत वर्मा**, टीए मनरेगा

रमज़ान मुबारक
16 मार्च 2024 पांचवा रोज़ा इफ्तार 6:26
17 मार्च 2024 छठवां रोज़ा सहरी 4:57
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.वी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# हैंडपंप में उतरा करंट, पानी पीने गए किसान की मौत

## कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव हरदतपुर में लगे खंभे से हैंडपंप में आया करंट, ग्रामीणों में रोष

संवाददाता, सहसवान


किसान की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन। ● अमृत विचार


गांव के ऊपर गुजर रहे हाईटेंशन लाइन के तार।। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हैंडपंप पर पानी गए किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पानी पीने के लिए उसने जैसे ही हैंडपंप का हत्था छुआ, करंट लग गया। किसान ने मौके पर ही दम दोड़ दिया। ग्रामीणों के अनुसार हैंडपंप के पास खंभा लगा है। इसमें करंट आता रहता है। पास में कीचड़ में भी करंट आ जाता है। लगभग एक साल पहले भी इसी खंभे के करंट से दो भैंसों की मौत हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।


मृतक दिनेश।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव हरदतपुर निवासी दिनेश (28) पुत्र मलखान खेती और मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। गांव निवासी चरन सिंह के प्लाट में भवन निर्माण का कार्य चल रहा था। दिनेश शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे वहां मजदूरी कर रहे थे। वह पानी पीने के लिए पास में ही लगे सरकारी हैंडपंप पर चले गए। उन्होंने जैसे ही हैंडपंप का हत्था पकड़ा करंट लग गया। वह छटपटाए और जमीन पर गिर गए। लोग दौड़कर उनके पास पहुंचे।

● **एक साल पहले हैंडपंप के पास लगे खंभे से चिपक कर दो भैंसों की हो चुकी है मौत**

तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर परिजन पहुंचे। दिनेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ने लापरवाही पर रोष प्रकट किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप के पास ही बिजली का खंभा लगा है और कीचड़ है। खंभे में पानी के सहारे करंट हैंडपंप में आया होगा। वहीं ग्रामीणों के अनुसार तकरीबन एक साल पहले हैंडपंप के पास इसी खंभे में आए करंट की चपेट में आकर गांव निवासी नन्हीं की दो भैंसों की मौत हो गई थी। विद्युत महकमा से शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने आश्वासन दिया लेकिन व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में सरिया सीधी करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत की चर्चा है। हल्का इंचार्ज सुशील कुमार विश्नोई ने बताया कि करंट लगने से युवक की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुत्रवधू ने पिटवाया, पीड़िता ने चार लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **आत्महत्या करने की सूचना पर पहुंचा था मायका पक्ष, सास से कर दी मारपीट**

अमृत विचार : एक महिला ने ससुरालीजनों को आत्महत्या की धमकी देकर अपने मायका पक्ष को फोन करके बुला लिया। मायका पक्ष मौके पर पहुंचा। महिला ने अपनी सास को पिटवा दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पड़ोसी पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। महिला ने अपनी पुत्रवधू, उसके माता-पिता और चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव अंधरऊ निवासी निर्मला पत्नी नन्हें लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 मार्च दोपहर तीन बजे उनके बेटे जुगेंद्र की पत्नी संगमा ने परिजनों को आत्महत्या करने की धमकी दी थी। अपने मायके सूचना दी। संगमा की मां जिला शाहजहांपुर के थाना परौर क्षेत्र के गांव वमौरा निवासी अनीता, पिता धर्मपाल, चाचा विज्जे आ गए। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर निर्मला को लाठी-डंडों से पीटा। वह घायल हो गईं। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए। उन्होंने निर्मला को हमलावरों से बचाया। हमलावर आइंदा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। निर्मला को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जहां निर्मला का इलाज चलता रह। अब स्वास्थ्य में सुधार होने पर वह तहरीर देने पहुंचीं। पुलिस ने आरोपी संगमा, अनीता, धर्मपाल और विज्जे के खिलाफ जबरन घर में घुसने, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शिवपाल के भ्रमण कार्यक्रम में कट गई कई लोगों की जेब

संवाददाता, सहसवान

● **विधानसभा सहसवान क्षेत्र में पहुंचे थे सपा प्रत्याशी, चोरों ने उठाया फायदा, पुलिस ने तीन लोगों को लिया हिरासत में**

अमृत विचार : शिवपाल सिंह के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोगों की भीड़ रही। चोरों ने भीड़ का फायदा उठाया। कई लोगों की जेब पर हाथ साफ कर लिया। पीड़ितों ने तहरीर दी है। पुलिस तीन लोगों को उठाकर पूछताछ कर रही है।

गांव मुडारी सिधारपुर निवासी भोले पुत्र बलवीर ने बताया कि शुक्रवार दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे वह जहांगीराबाद चौराहे से होकर गुजर रहे थे। किसी ने उनकी जेब पर हाथ साफ कर लिया। उनकी जेब में पर्स में रखा आधार व पैन कार्ड, एटीएम कार्ड आदि के अलावा 15 हजार रुपये निकाल लिए। गांव बड़ेरिया निवासी उपेंद्र पुत्र वीरेशन ने बताया कि वह बिजली घर चौराहे के पास शिवपाल के कार्यक्रम में आए थे। किसी ने उनकी जेब से 4200 रुपये निकाल लिए। गांव मोहम्मदपुर निवासी राकेश कुमार के अनुसार दोपहर लगभग एक बजे रैली के दौरान किसी ने उनकी जेब से 30 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं, उघैती क्षेत्र के गांव लौचर निवासी अवि शर्मा ने बताया कि वह पत्रकार हैं। वह सपा प्रत्याशी का कार्यक्रम कवरेज करने गए थे। किसी ने उनकी जेब से 7200 रुपये, प्रेस कार्ड आदि चोरी कर लिया। इसके अलावा अन्य कई लोगों के जेब कार्यक्रम के दौरान कटी।

# इस्लामनगर के युवक की कासगंज में मौत

**इस्लामनगर।** कस्बे के मोहल्ला वाल्मीकि का रहने वाला 18 वर्षीय राहुल पुत्र मुकेश दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते थे। शुक्रवार को वह अपने दातागंज के रहने वाले एक मित्र के साथ बाइक से दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में कछला से आगे कासगंज जनपद में पहुंचने पर उसकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम जब राहुल का शव इस्लामनगर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया, देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# बीमा के नाम पर 40 लाख की धोखाधड़ी

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बमनपुरा निवासी रामसेवक ने थाना मूसाझाग पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव गुलड़िया निवासी अरविंद सिंह और सर्वेश पटेल उनके पास आए थे। खुद को एक कंपनी का एजेंट बताया था। कहा कि था उस कंपनी से बीमा कराने पर ज्यादा फायदा होगा। 20 महीने में उन लोगों ने रामसेवक से 40 लाख रुपये जमा करा लिए। न तो रामसेवक को कोई बांड दिया गया और न ही कोई और दस्तावेज। इसके लिए उसे आश्वासन दिया गया कि समयावधि पर उसे भुगतान कर दिया जाएगा। उसकी बताई बीमा की अवधि पूरी होने पर रुपये वापस मांगे तो उन लोगों ने टालमटोल शुरू कर दी। पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने बीमा के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# ई-रिक्शा लूटकर हत्या करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने की चार्जशीट दाखिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **चार फरवरी को लापता हुआ था ई-रिक्शा चालक, 11 फरवरी को मिला था शव**

● **पुलिस ने अगले दिन पकड़ा था एक आरोपी, मुठभेड़ के दौरान पकड़े दो आरोपी**

अमृत विचार : थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी ई-रिक्शा चालक से ई-रिक्शा लूटने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू पुत्र कुंवरपाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। वह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। चार फरवरी को वह ई-रिक्शा लेकर गए। जिसके बाद लापता हो गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए उनकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस को दो लोगों के मुजरिया चौराहे से उनका ई-रिक्शा बुक कराने की सीसीटीवी फुटेज मिली थी। 11 फरवरी को मुजरिया के बिजली घर के पास निर्माणाधीन मकान में सत्यवीर का शव मिला था।

**दो लोगों को लूट व हत्या तो तीसरे को बनाया लूट का आरोपी**

विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए। तीनों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार करके कोर्ट में दाखिल कर दी है। जिसके अंतर्गत इकबाल और गौरव को अपहरण के बाद लूट व हत्या और करन के खिलाफ लूट का सामान बेचने का आरोपी बनाया है। थाना मुजरिया की थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि लूट के बाद हत्या मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है।

पुलिस ने अगले ही दिन हत्यारोपी सहसवान क्षेत्र निवासी इकबाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी का नाम कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खैरी निवासी गौरव माहेश्वरी बताया। कहा कि उन दोनों ने अपनी नशे की लत मिटाने के लिए सत्यवीर की हत्या करके ई-रिक्शा और उसकी जेब से रुपये लूट थे। बिल्सी के कबाड़ी ने ई-रिक्शा बेचने के लिए आधार कार्ड मांगा तो उन्होंने ई-रिक्शा खंती में फेंक दिया और बैट्री निकाली थी। 13 फरवरी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दूसरे आरोपी गौरव और उनके एक और साथी करन को भी गिरफ्तार किया था। वह लोग लूट का सामान बेचने जा रहे थे।

# ट्रॉली से सरिया उतारते समय लगा करंट, मजदूर की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मोहम्मदी क्षेत्र में ट्रॉली से सरिया उतारते समय बिजली के तार में स्पर्श हो जाने से मजदूर को करंट लग गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बदायूं का रहने वाला था।

बदायूं जिले के दातागंज क्षेत्र के गांव लहरतड़ी निवासी देशराज(25) लखीमपुर के मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बड़ैचा में निर्माणाधीन पानी टंकी पर मजदूरी करता था। गुरुवार की दिन वह ट्रॉली से सरिया उतार रहा था। 11 हजार बिजली लाइन के तार नीचे लटक रहा था। अचानक सरिया बिजली के तार में स्पर्श हो जाने से उसे करंट लग गया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में उसे भर्ती कराया। खबर सुनकर परिवार वाले मेडिकल कॉलेज आ गए। इलाज के दौरान रात 11 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी पत्नी का नाम सोनम है और एक बेटी है।

# शिवपाल बोले- भाजपा ने बेईमानी से जीती थी बदायूं लोकसभा सीट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **आजम खां पर झूठी रिपोर्ट लिखाकर की गई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव शुक्रवार को सहसवान विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने बेइमानी करके सीट जीती थी। वह संगठन के आदमी हैं। उन्हें बड़ी जीत के लिए यहां भेजा गया है। भाजपा विपक्ष में जिसे मजबूत समझती है उसके खिलाफ ईडी और सीबीआई की जांच बैठा दी जाती है।

उन्होंने कहा कि जनता सड़क पर उतर आई है। धर्मेंद्र यादव के खिलाफ यहां कोई शिकायत नहीं मिली। सोचा भी नहीं था कि वह यहां से चुनाव लड़ेंगे। अब संगठन ने यहां भेजा है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से हराकर भेजना है। अपने बेटे आदित्य यादव को साथ रखने पर कहा कि वह चाहते हैं युवा संघर्ष सीखें। पूर्व मंत्री व आबिद रजा के सपा द्वारा मुसलमानों को कमजोर करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुसलमान हमेशा से सपा कर रहा है। इस चुनाव में भी सपा का है। धर्मनिरपेक्ष राज्य में भी भाजपा हिंदू-मुस्लिम करती है। मुसलमान क्या विदेशी हैं। आजम खां पर झूठी रिपोर्ट लिखाकर कार्रवाई की।

**सहसवान क्षेत्र के गांवों में घूमे शिवपाल**


लोगों को संबोधित करते शिवपाल सिंह यादव।

**सहसवान/मुजरिया, अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव का काफिला सहसवान विधानसभा क्षेत्र में पहुंचा। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि बदायूं की सीट हमेशा से सपा की रही है। सहसवान विधायक बृजेश यादव ने भी संबोधित किया। शहबाजपुर पुलिस चौकी पर सपा नगराध्यक्ष शादाब, नवाब मियां, हाफिज इरफान और जहांगीराबाद चौराहे पर विधानसभा अध्यक्ष नवाब सिंह यादव, अकबराबाद चौराहे पर पूर्व ब्लाक प्रमुख नेम सिंह यादव, राहुल यादव, अमन, असलम ने स्वागत किया। सपा युवा नेता गयासुद्दीन उर्फ गुड्डू आदि मौजूद रहे।

# खेल-खेल में निपुण होंगे परिषदीय स्कूलों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया-फिट इंडिया अभियान को जिले के परिषदीय विद्यालयों में गति दी जाएगी। इन स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी निपुण बनाया जाएगा। इन्हें पारंपरिक खेलों के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज व कैरम आदि में प्रवीण किया जाएगा। शासन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बजट जारी किया है। शासन की ओर से मिली स्पोर्ट्स ग्रांट की राशि प्राथमिक विद्यालयों में पांच हजार रुपये और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दस हजार रुपये के दर से आवंटित की जाएगी।

बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि शासन ने परिषदीय विद्यालयों में खेल सामग्री की खरीद के लिए बजट जारी किया है। शासन की ओर से प्राथमिक विद्यालयों को पांच हजार रुपये और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को दस हजार रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से बजट जारी किया गया है। इससे परिषदीय विद्यालयों में खेलकूद की गतिविधियां बढ़ेंगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जाएगा। खेलकूद सामग्री की खरीद के लिए विद्यालय परिसर में उपलब्ध खेल मैदान को भी ध्यान में रखा जाएगा। मैदान के अनुसार खेल सामग्री की खरीद होगी।

**स्कूलों में होगा स्पोर्ट्स क्लब का गठन**

बीएसए ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हर उच्च प्राथमिक व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा। इसमें खेलकूद प्रभारी शिक्षक और खेलों में रुचि रखने वाले 10 विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। क्लब के जरिये पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल व हैंडबाल को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, विद्यालय स्तर पर शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, ब्लाइंड क्रिकेट व दिव्यांगों से जुड़ी खेलकूद गतिविधियां होंगी।

# पुलिस कार्रवाई के डर से युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ

**बदायूं, अमृत विचार :** छेड़छाड़ के आरोपी युवक ने पुलिस की कार्रवाई के डर से विषाक्त पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस ने जांच की तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा निकला।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला निवासी एक युवक अपने पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ मजदूरी करता है। एक साथ काम करने की वजह से पड़ोसी युवक उसकी बहन के संपर्क में आ गया। दोनों में फोन पर बात शुरू हो गई। लड़की के परिजनों को इसकी भनक लग गई। वह लड़की पर सख्ती बरतने लगे। तीन दिन पहले लड़के के पिता ने अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए गुरुवार को एसएसपी से शिकायत की। पुलिस की कार्रवाई के डर से शुक्रवार को युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिला अस्पताल में इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा लग रहा है। मामले में जांच जारी है।

# फाइलेरिया और कालाजार के मरीजों की होगी खोज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **क्षय रोग दिवस पर बताए गए कुष्ठ रोग के लक्षण**

● **जिले में चलेगा अभियान, विभाग बनाएगा स्लाइड**

**अमृत विचार:** क्षय रोग दिवस पर आज कुष्ठ रोगियों और क्षय रोगियों की जांच कर स्लाइड बनायी गयी। कालाजार के मरीजों का भी परीक्षण किया गया।

शुक्रवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश ने क्षय रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। करीब दर्जन भर क्षय रोगियों की स्लाइड बनायी गयी। इसी तरह कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों को चेक किया गया। उन्हे कुष्ठ रोग के बारे में बताया गया। लोगों को इसकी पहचान बताते हुये हिदायत दी गयी कि शरीर में किसी भाग पर यदि सुन्नपन आता है या फिर वहां पर खुजली नही पड़ती है तो उसका चेकअप कराएं। इसी तरह के लक्षण कुष्ठ रोग के होते हैं। कालाजार मरीजों को भी चेक किया गया। पुरानी खांसी और बुखार से पीड़ित लोगों के बलगम की जांच की गयी। इस मौके पर टीबी के मरीजों को भी चेक किया गया। टीबी के मरीजों को बताया कि वह लोग नियमित दवाएं लें। सरकार द्वारा कुछ आर्थिक सहायता राशि भी उन लोगों की दी जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. विनेश कुमार ने बताया कि कालाजार और क्षय रोग के मरीजों को हर महीने की 15 तारीख को देखा जाता है। उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। चिकित्सकों ने बताया कि जो लोग टीबी या कालाजार के शिकार हैं उन्हे हर दस दिन में अपनी जांच करानी चाहिए जिससे कि उनके स्वास्थ्य में हो रहे सुधार पर नजर रखी जा सके। डा. सुधीर कुमार गुप्ता, मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने लक्षण बताए और कहा कि जिले में चार केस फाइलेरिया के हैं जिनका उपचारजारी है। उनके आस पास रहने वालों को भी दवा खिलाई जा रही है। फाइलेरिया खोजो अभियान फिर जल्द शुरू कराया जाएगा।

# मारपीट की दर्ज कराई रिपोर्ट तो युवक पर किया जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● **गुरुवार को जेब से रुपये निकालने और मारपीट करने पर दर्ज की गई थी रिपोर्ट**

● **रिपोर्ट दर्ज करने से गुस्साए आरोपी समेत तीन लोगों ने पीडब्ल्यूडी के पास किया हमला**

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर और सिविल लाइन क्षेत्र में कुछ युवकों ने 24 घंटों के भीतर दो घटनाओं को अंजाम दिया। गुरुवार को युवकों की जेब से रुपये निकालकर जमीन पर गिराकर पीटा। अगले दिन भी एक युवक को जमकर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहपुरी निवासी हर्ष गुप्ता ने गुरुवार को तहरीर देकर बताया था कि वह अपने दोस्त नितिन के साथ शहर के गद्दी चौक से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान छह युवकों ने रास्ते में इमली चौक पर उन्हें घेर लिया। शराब पीने के लिए रुपये मांगे। आरोप है कि रुपये देने से मना करने पर हर्ष गुप्ता पर तमंचा तान दिया। उसकी जेब से 1240 रुपये निकाल लिए और जमकर पीटा। सदर कोतवाली पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। अगले दिन शुक्रवार को हर्ष गुप्ता, उनका दोस्त सलमान अपने अन्य परिचितों के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास खड़े थे। तब भी आरोपियों ने रिपोर्ट दर्ज कराने का विरोध किया। मेन रोड किनारे पीटना शुरू कर दिया। घायल युवक ने कोतवाली सिविल लाइन पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**लोकसभा चुनाव**

**चुनाव प्रचार सामग्री हटाने के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों को दे दिए गए हैं आदेश, पुलिस ने बढ़ाई सख्ती**

# अब नहीं हो सकेंगे नए काम, आज लागू हो सकती है आचार संहिता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग द्वारा शनिवार को किया जाएगा। इसके बाद आचार संहिता शनिवार को लागू हो जाएगी। तैयारियों के बीच आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रशासन ने कमर कसनी शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से चुनाव प्रचार सामग्री को हटाने के लिए अभी से कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। शनिवार को अब नियमों की अवमानना पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

> शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीख किसी भी समय घोषित हो सकती हैं। इसके लिए पहले से ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी टीमों को सक्रिय कर दिया जाएगा। आचार संहिता लगने के बाद कुछ कार्य शुरू करवाए जाएंगे।
>
> **- मनोज कुमार**, डीएम

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा पिछले दो माह से तैयारी जारी है। हाल के दिनों में तैयारियों को तेजी लाई गई है। व्यय, उड़न दस्ता, वीडियो, स्टेटिक निगरानी टीमों को प्रशिक्षण दिए जाने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सक्रिय रहने के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं। वहीं शनिवार को चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लागू किए जाने के बाद अधिकारियों के बीच बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इधर जैसे ही लोकसभा चुनाव की तारीखों की चुनाव आयोग द्वारा घोषणा की जाएगी वैसे ही टीमें सक्रिय होकर अपना काम करना शुरू कर देंगी। इधर, आचार संहिता लगने पर नए निर्माण कार्यों पर रोक लग जाएगी, जो नए काम शुरू हो चुके हैं। उनका कार्य चलता रहेगा। मनरेगा योजना के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस, जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने का काम जारी रहेगा। इसके अलावा जमीन की रजिस्ट्री पर आचार संहिता का प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**आज तहसील दातागंज में होगा संपूर्ण समाधान दिवस, अधिकारी शिकायतों का करेंगे निस्तारण**

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को दातागंज तहसील में आयोजित होगा। इसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थित रहेगी। उनके द्वारा आमजनों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराया जाएगा।

**ईवीएम ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज**

मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, यथाविधि, सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नियुक्त किए गए समस्त ईवीएम ट्रेनरों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 16 मार्च को अपराह्न 03 :00 बजे से विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें मास्टर ट्रेनर मौजूदगी आवश्यक है।

**फोर्स रुकने को एसएसपी ने चिह्नित किए स्कूल-कॉलेज**


स्कूल के निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य से जानकारी करते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी।

**बदायूं।** आगामी त्यौहार, लोकसभा चुनाव और सीएए कानून लागू होने के बाद से पुलिस विशेष सर्तकता बरत रही है। क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। गुरुवार रात से लेकर शुक्रवार को पूरा दिन पुलिस ने गश्त की और चेकिंग अभियान चलाया। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लोगों से बात की। लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ सिटी आलोक मिश्रा के साथ पोलिंग बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैरामिलेट्री फोर्स के रुकने के लिए स्कूल-कॉलेजों को चिह्नित किया।




# सज गया बाजार, दुकानों पर जुटने लगे खरीदार

## होली के त्योहार के चलते बाजार में जमकर हो रही खरीदारी, नई वेराइटी के कपड़े व अन्य वस्तुएं आईं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। लोग अपनी जरूरतों का सामान खरीदने को बाजार जा रहे हैं। इस समय सबसे अधिक बिक्री कपड़ो की हो रही है। कपड़ों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि इस समय बाजार में कपड़े खरीदने का सही समय है इसलिए रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर सुबह से शाम तक भीड़ देखने को मिल रही है।


दुकान पर कपड़ों की खरीदारी करते लोग।

होली के त्योहार पर नए कपड़े पहन कर लोग एक दूसरे के गले मिलते हैं। घर घर पकवान बनाए जाते हैं। हर्ष और उल्लास के त्योहार होली की धूम पन्द्रह दिन पहले ही शुरू हो जाती है। बाजारों में खरीदारी बढ़ जाती है। होली के पर्व से दस दिन पहले रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी बढ़ गयी है। लोग सुबह से शाम तक कपड़े खरीद रहे हैं। गांव देहात से आने वाले लोगों का कहना है कि इस कपड़े खरीदने का यह समय ठीक है। होली के आस पास तो बाजारों में पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती है। दुकानों पर मोल भाव भी नही कर सकते हैं। दुकानदार जितने पैसे मांगते हैं उतने देने पड़ते हैं। इसलिए अभी कपड़ों की खरीदारी का सही समय है। हालांकि कपड़े कभी भी खरीदे जा सकते हैं फिर भी सबसे पहले कपड़े खरीद लिए जाएं। बाकी चीजें बाद में भी ले लेंगे। शहर के मुख्य बाजार में शुक्रवार को भारी भीड़ देखने को मिली। रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर हर जगह भीड़ देखने को मिली।

लोगों ने बताया कि महंगाई तो बढ़ी है फिर भी खरीदारी तो करनी ही है। दुकानदार बताते हैं कि महंगाई की मार के कारण बिक्री कम हो रही है फिर भी बिक्री हो रही है। अभी गांव देहात के लोग आ रहे हैं जबकि शहर के लोग शाम को खरीदारी करने आते हैं। शाम 6 बजे के बाद बाजार में भीड़ कम हो जाती है। शाम के समय शहर के लोग ही बाजार में होते हैं उस समय भीड़ जुट जाती है।

### क्या कहते हैं लोग


इस समय खरीदारी जारी है। होली के आसपास तो कपड़े खरीदने का समय नही होता है इसलिए अभी बच्चों के और अन्य लोगों के कपड़े खरीदे हैं। बाद में घरेलू अन्य सामान खरीदा जाएगा। **–अवनीश राठौर**


आज गांव से आए तो पूरे परिवार के कपड़े खरीद लिए। अब दिनों दिन बाजार में भीड़ बढ़ती जा रही है। इतनी भीड़ हो रही है कि दुकानों पर ढंग से कपड़े देख भी नहीं पाए। **– सुनीता**


बाजारों में अभी से भीड़ बढ़ने लगी है इसलिए सबसे पहले कपड़े खरीद लिए। शेष सामान बाद में लेते रहेंगे। आज तो बाजार में भीड़ के कारण परेशानी हो रही है। कुछ दिन बाद तो दुकान पर चढ़ भी नहीं पाएंगे। **–मुकेश**


पिछले दो दिन से बाजार आ रहे हैं। कुछ कपड़े खरीद चुके हैं। कुछ आज खरीदे हैं। अब भीड़ बढ़ने से दिक्कत होने लगी है। महंगाई भी अधिक है। होली का अन्य सामान अब बाद में लेंगे। **–पूजा शर्मा**

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस की न्याय चौपाल आज

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन में चल रहे न्याय पंचायत कार्यक्रम के तहत न्याय चौपाल 16 मार्च को बिसौली विधानसभा के गांव सिसरका में आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने पार्टी कार्यालय पर बैठक कर बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज के निर्देशन में पूरे प्रदेश में न्याय चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 16 मार्च को बिसौली विधानसभा के गांव सिसरका में न्याय चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लाक बिसौली, आसफपुर, वजीरगंज एवं इस्लामनगर की कमेटी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस न्याय चौपाल में किसानों और ग्रामीणों से बात की जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ संवाद करके किसानों को न्याय दिलाने की बात करेंगे। उनके कल्याण के लिए बनायी जाने वाली योजनाओं की भी जानकारी देंगे।

### डेढ़ किलो डोडा छिलका के साथ पकड़ा आरोपी

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसावां पुलिस शुक्रवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव नैनामई निवासी मुनीश पुत्र रामवीर को पकड़ा। जिसके पास से डेढ़ किलोग्राम डोडा छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

### गोवंश को भगाते समय दूसरे गांव के लोग आए सामने

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के निकटवर्ती गांव सिमरिया के ग्रामीणों ने गुरुवार की रात 11 बजे गोवंश का एक झुंड दूसरे गांव की ओर खदेड़ दिया जिससे उस गांव के लोग लाठी डंडे लेकर सामने आ गए। कुछ समझदार लोगों ने मामला रफा दफा कर दिया। छुट्टा गोवंश को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। ककराला रोड स्थित ग्राम सिमरिया के ग्रामीण गुरुवार की रात 11 बजे खेतों में रखवाली कर रहे थे। करीब चार दर्जन गोवंश ने एक खेत में घुस कर गेहूं की फसल खानी शुरू कर दी जिस पर गांव के लोगों ने गोवंश को लाठी डंडे लेकर सूरजपुर की ओर दौड़ा दिया। सूरजपुर के ग्रामीण भी रात को फसलों की रखवाली कर रहे थे। उन्होंने देखा कि गोवंश का झुंड उनके खेतों की ओर दौड़ाया जा रहा है जिस पर वह लोग भी लाठी डंडे लेकर सामने आ गए। दोनों ओर से गाली गलौज शुरू हो गया। सिमरिया गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे उन्होंने दोनों पक्षों को समझा कर शांत करा दिया, जिसके बाद वह लोग अपने अपने गांव को लौट गए।

# विकास कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र में करोड़ रुपये की सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को ग्राम मई रजऊ में 60 लाख की लागत से सीसी कार्य का लोकार्पण किया। करतोली में 50 लाख की लागत से सेतु शिलान्यास किया। रैपुरा में डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास व नेकपुर में 20 लाख की लागत से बन रही सीसी का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सदर विधायक ने कहा कि खुशी की बात है कि करोड़ों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ है। बहुत जल्द क्षेत्र के लोग इसका लाभ लेंगे। क्षेत्रवासियों की मांग पर सड़कें व पुल का काम शुरू हुआ है।



विकास के कार्यों का लोकार्पण करते विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

### 82 लाख की विकास योजनाओं का शिलान्यास

**सहसवान।** ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख कृति सिंह यादव के पति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव ने विकास क्षेत्र की 40 लाख रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया और 82 लाख रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से युद्ध स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गांव गांव तक सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर संघ के विधानसभा विस्तारक सूरज पांडेय, भाजपा नेता सचिन शर्मा, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गुप्ता, एडीओ पंचायत हेमेंद्र कुमार, एडीओ आईएसबी सुरेश सिंह, सुरेंद्र यादव, तूफान सिंह आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान की मौत संगठन ने जताया शोक

**विजय नगला।** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भिन्दुलिया प्लासी के ग्राम प्रधान बृजपाल पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। स्वास्थ्य में सुधार न होने से उनका गुरुवार की रात को निधन हो गया। ग्राम प्रधान के निधन पर प्रधान संगठन ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है।


मृतक बृजपाल।

ग्राम प्रधान की मौत की सूचना पर ब्लॉक मुख्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी दुर्गा प्रसाद और ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, पंचायत सचिव मनोज राम, रोजगार सेवक राजकुमार, पंचायत सहायक समेत गांव के दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# स्वास्थ्य उपकेन्द्र बंद, मरीज हो रहे परेशान

- नूरपुर केंद्र पर लगा रहता है ताला, इलाज न मिलने से लौट जाते हैं मरीज

संवाददाता, नूरपुर

**अमृत विचार :** नूरपुर का स्वास्थ्य केंद्र जनता के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र पर हर समय ताला लटका रहता है जिससे लोगों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाया गया है जिससे गांव के लोगों को यहां पर दवाएं मिल सकें लेकिन उपकेंद्र पर हर समय ताला लटका रहता है। कभी कभी स्वास्थ्य कर्मचारी दोपहर को 12 बजे आते हैं और कुछ देर बैठ कर चले जाते हैं। महिलाओं को यहां से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाएं देने के उपकेंद्र बनाया गया है।

स्वास्थ्य उपकेंद्र पर विभाग के बड़े अधिकारी भी नहीं आते हैं। यहां पर उपकेंद्र प्रभारी से ग्रामीणों ने बात की तो वह बाहर थीं। अन्य कोई कर्मचारी भी यहां पर नहीं रहता है।



नूरपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र पर लटका ताला।

गांव के लोगों को बुखार जुकाम की दवा लेने को काफी दूर जाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि उनके परेशानी होती है।इसलिए इस समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।

> नूरपुर के स्वास्थ्य उपकेंद्र के बारे में जानकारी नहीं है। कर्मचारियों से पता करेंगे। यदि वहां ताला लटका रहता है तो केंद्र प्रभारी से बात की जाएगी। ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। यह ठीक नहीं है।
> **–डॉ. अब्दुल सलाम खान** – सीएमओ
















# कथा में महादेव-पार्वती प्रसंग का किया वर्णन

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम वनबेहटा के शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास यतेंद्र ठाकुर जी महाराज ने शिव पार्वती विवाह और शुकदेव जन्म की रोचक कथा का वर्णन किया। भागवत कथा को सुनने के लिए आसपास के सैकड़ों भक्त पहुंचे।


कथाव्यास यतेंद्र ठाकुर।

भगवान के जयकारे लगातार लग रहे। दूसरे दिन की कथा व्यास यतेंद्र ठाकुर जी महाराज ने भक्तों को बताया कि हिमालय राज की कन्या पार्वती बड़ी होने लगती हैं। पार्वती ने मन में प्रण लिया की वह शिव को पति के रूप में प्राप्त करेंगी। देवता भी शिव को मनाते हैं कि वह पार्वती से विवाह कर लें लेकिन शिव इसके लिए तैयार नहीं हुए। माता पार्वती शिव को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या करती हैं। भगवान शिव प्रसन्न हो विवाह के लिए तैयार हो जाते हैं। देवताओं, भूत,पिशाचों को लेकर तन में भस्म लगाए शिव बरात लेकर हिमालय राज के यहां पहुंचते हैं।

माता मैना दूल्हे का भेष देखकर डर जाती हैं और पार्वती का विवाह करने से मना कर देती हैं। सभी ने समझाया कि शिव कोई साधारण नहीं हैं, वह तो देवों के देव हैं। शिव कथा सुनने वाले भक्त मंत्र मुगध हो गये।

### दिव्यांगों के सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही सरकार

**बदायूं।** भाजपा कार्यालय पर भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 'दिव्यांग सम्मेलन' 'में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार दिव्यांगों के सामाजिक उत्थान के लिए काम कर रही है।केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में दिव्यांगजनों के लिए जितना कार्य किया है, उतना कभी किसी सरकार ने नहीं किया। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि दिव्यांगजनों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार ने हमेशा उनके बारे में सबसे पहले सोचा है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि योजनाओं का लाभ लेकर दिव्यांगजन जीवन सरल बना सकते हैं। जिला दिव्यांग सम्मेलन को प्रदेश सह-संयोजक अभिषेक त्रिवेदी, क्षेत्रीय संयोजक अमित शर्मा, जिला संयोजक गुड्डू गुप्ता, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय विकलांग संघ ठा. धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया।

### विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**दादातागंज।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह ने आरपीएस देवी महाविद्यालय ढिलवारी में 45 छात्र-छात्राओं को वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता रविन्द्र सिंह दद्दू के साथ स्मार्ट फोन वितरित किए। विधायक राजीव कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत बसेला में पहुंचकर नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन, मार्डन शॉप का फीता काटकर उद्घाटन कर विक्रेता को प्रतीकात्मक चाबी भी प्रदान की। कई विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम के बाद विधायक राजीव कुमार सिंह ने भतीजे प्रमुख विक्रम सिंह के साथ 11 दिव्यांगों को नि:शुल्क ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस मौके पर बसेला प्रधान जयश्री भारती, ग्राम पंचायत अधिकारी अनुज कुमार, चन्द्रपाल सिंह आदि रहे।

### छह महीने के लिए जिला बदर हुआ गुंडा एक्ट का आरोपी

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव एत्मादपुर रामपुर निवासी नवी जान पुत्र मजीद के खिलाफ साल 2019 में बलवा, मारपीट, धमकाने, एससीएसटी एक्ट आदि के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। 30 मई 2019 को उसके खिलाफ विवेचक ने आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की थी। डीएम के आदेश पर नवी जान को छह महीने के लिए जिला बदर किया गया है। पुलिस ने गांव में तामिल कराकर उसे जिले की सीमा पर छोड़ दिया।

### पांच साल के बच्चे से कुकर्म

**कुंवरगांव।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में बेर दिलाने के बहाने पांच साल के बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। एक किशोर ने पांच साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया। पीड़ित ने घर जाकर माता-पिता को बताया। उनकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया। फिलहाल आरोपी गांव से भाग गया। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। थाना कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### दक्ष प्रताप ने पास की आल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा



**आसफपुर।** कस्बा स्थित देवनागरी पब्लिक स्कूल के छात्र दक्ष प्रताप सिंह ने आल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम पास कर लिया। यह परीक्षा शिक्षा मंत्रालय केंद्र सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की गयी। दक्ष प्रताप सिंह की इस उपलब्धि पर देवनागरी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास का माहौल है। दक्ष के पिता अनुज कुमार सिंह कस्बा स्थित बीआरसी केंद्र पर अकाउंटेंट हैं। माता मीनू तोमर गृहणी हैं। उनके माता पिता ने दक्ष प्रताप की इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य अमरपाल यादव, प्रबंधक राघवेंद्र शर्मा और समस्त स्टाफ को दिया है। कक्षा 6 में चयन के लिए दक्ष को सैनिक स्कूल झांसी आवंटित किया है।



## शहर में आज

- संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सहावर के सभागार में सुबह 10 बजे से।
- समाजवादी पार्टी की पीडीए पखवाड़े के तहत जन पंचायत कासगंज ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## एक नजर

### गैंगस्टर के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**कासगंज, अमृत विचार :** गैंगस्टर के आरोपी की जमानत अर्जी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या चार ने पर्याप्त आधार न होने के कारण खारिज कर दी है। कारागार में निरुद्ध गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव पचपोखरा निवासी यूसुफ ने अपने अधिकवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि वह निर्दोष है। पुलिस ने उसे गैंगस्टर के तहत झूठा फंसा दिया है। वहीं विशेष लोक अभियोज द्वार गिरोहबंद अधिनियम द्वारा जमानत अर्जी का कढ़ा विरोध किया गया। मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत रखते हुए अपर जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को अर्जी को निरस्त किया गया है।

### कासगंज पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिढ़पुरा एवं थाना ढोलना पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ढोलना के इंस्पेक्टर इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि वारंटी लोकेंद्र सिंह निवासी सतपुरा माफी को गिरफ्तार किया है। वहीं सिढ़पुरा के इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि वारंटी ऊषा निवासी ताजापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से अग्रिम कार्यवाही की गई है।

# बीमार होने वालों की संख्या बढ़कर हुई 100

## डीएम के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे एसडीएम, सीओ और खाद्य विभाग की टीम

- नमूने लेने के बाद दूषित खाने को कराया गया नष्ट

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव बस्तर में गुरुवार की रात दावत खाने के बाद बीमार हुए लोगों की संख्या बढ़कर 100 तक पहुंच गया। इधर डीएम के निर्देश पर रात में ही एसडीएम और सीओ खाद्य विभाग की टीम गांव में पहुंच गई। खाद्य विभाग ने नमूने संकलित किए हैं।

गांव बस्तर में गुरुवार को श्याम बाबू की लड़की की शादी थी। इसमें दावत खाने के बाद करीब 45 लोगों की हालत बिगड़ गयी थी। इन्हें आनन फानन में सीएचसी व अन्य निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया था। यह संख्या बढ़कर 100 तक पहुंच चुकी है। बीमार लोगों को सरकारी अस्पताल के अलावा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फूड प्वॉइजनिंग की इस घटना के बाद से गांव में खलबली मच गई। इधर जानकारी होने पर मध्य रात एसडीएम पटियाली कुलदीप कुमार, सीओ विजय कुमार राणा एवं खाद्य विभाग के आनंद देव मौके पर पहुंचे। वहां भोजन के नमूने संकलित किए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके अलावा भोजन नष्ट करा दिया गया।


सीएचसी गंजडुंडवारा में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### रात में दोबारा बना भोजन

दूषित खाना खाने से लोगों की हालत बिगड़ी ऐसे में खाने को नष्ट किया गया। चूंकि तमाम लोग भूख से व्याकुल थे, ऐसे में रात में खाद्य विभाग की टीम के समक्ष पुन: खाना तैयार कराया गया। रात भर गांव में बेचैनी रही।

> गांव बस्तर में लोगों की हालत बिगड़ने की जानकारी हुई थी। रात में ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम गांव में पहुंची और यहां भोजन के नमूने संकलित किए। - **सुनील कुमार**, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

### दौड़ती रहीं एंबुलेंस

लोग खाना खाने के बाद बीमार होते जा रहे थे उनकी हालत बिगड़ रही थी। ऐसे में रात भर गांव में एंबुलेंस के हूटर की गूंज सुनाई देती रही। कोई निजी तौर पर एंबुलेंस बुला रहा था तो कोई सरकारी एंबुलेंस का सहारा ले रहा था।

## पेट्रोल डालकर युवक को जलाने का आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए एक युवक पर पेट्रोल डालकर लगाई गई आग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

मामला पिछले शुक्रवार का है। शहर के एक क्षेत्र में युवक पर आरोप लगा कि उसने क्षेत्र की एक युवती के साथ छेड़छाड़ की। युवती के भाइयों ने युवक को देख लिया। आरोप है कि मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकाल कर उसके शरीर पर डाल आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। कई दिन तक अलीगढ़ से उसका उपचार चला। बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया। कासगंज में शव आते ही कोहराम मच गया। परिजन ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगाने की कोशिश की। इंस्पेक्टर राम वकील ने बताया कि इस घटना के एक आरोपी ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय भेजा गया है।

# निर्वाचन अयोग के दिशा निर्देशों का करें पालन

- जिलाधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को जारी किए निर्देश
- नियमों का उल्लंघन करने पर मुद्रक, प्रकाशक पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** डीएम ने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत फीसद पालन करना होगा। इस कार्य में ढिलाई नहीं होगी। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सुधा वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा का चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अंतर्गत पंपलेट, पोस्टर आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के उपबंधों द्वारा विनियमित किया गया है। जिसके अनुसार प्रचार सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। प्रिंटिंग प्रेस द्वारा छपने के तीन दिन के अंदर प्रतियां तथा प्रकाशक से घोषणा पत्र प्राप्त कर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति, जो व्यक्तिगत रूप से जानते हों के द्वारा सत्यापित हो तथा दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की प्रति भेजी जाए।

उल्लंघन करने पर 6 महीने का कारावास तथा 2 हजार रुपये तक जुर्माना होगा। ये प्रतिबंध राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों व समर्थकों द्वारा पंपलेट, पोस्टर आदि के मुद्रण एवं प्रकाशन पर अनाधिकृत व्ययों पर रोक लगाने के उद्देश्य से हैं।

# मत्स्य सहकारी संगोष्ठी का किया आयोजन

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ द्वारा मत्स्य सहकारी संगोष्ठी का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विभाग ब्रज किशोर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. विजयवीर चन्द्रपाल, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक अमर सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गिरीश चंद्र, मत्स्य निरीक्षक आशीष कुमार, कनिष्ठ सहायक अब्दुल अहमद खान ने अपने अपने विभाग से संबंधित जानकारी दी। कार्यशाला में मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण तथा समितियों के सदस्यों की आय में वृद्धि के लिए विचार विमर्श हुआ।

उपनिदेशक मत्स्य राजेंद्र सिंह ने मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के कार्यक्षेत्र आवंटन, पट्टा आवंटन, नदियों के आवंटन में हो रही समस्याओं का निराकरण कराया। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के सदस्यों को किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा एवं निषादराज वोट सब्सिडी योजना में लाभ लेने के लिए आवेदन के लिए जानकारी दी गई।

## स्वीप के अंतर्गत हुईं कई प्रतियोगिताएं

**सोरोंजी, अमृत विचार:** तीर्थ नगरी सोरों में शुक्रवार को स्वीप के प्रभारी जयंती गुप्ता के निर्देशन में चौधरी राम प्रकाश यादव महाविद्यालय तुलसी नगर बदरिया में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। नोडल प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को आगामी लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने, मतदान की महत्व बताने, मतदान जरूर करने के लिए जागरूक किया गया। सचिव सुधीर कुमार, प्राचार्य डा. सुरेंद्र बाबू, संदीप माहेश्वरी, विष्णु कांत, कैलाश कुमार, वरुण यादव, आशीष पुंढ़ीर, महिपाल, परवेज , स्वाती व गंगा प्रसाद उपस्थित रहे।

# मथुरा-बरेली राज्यमार्ग के लिए काटे जा रहे पेड़

- काटे जाएंगे दो हजर से अधिक पेड़, पौधरोपण का होगा लक्ष्य तय

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** किसी ने ठीक ही कहा है कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है, तभी तो विकास के लिए हरियाली खोनी पड़ रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए सड़क किनारे खड़े पेड़ काटे जाने लगे हैं। दो हजार से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। हालांकि एक ऐसा लक्ष्य तय किया है कि इन पेड़ों के सापेक्ष पौध रोपण अन्य क्षेत्र में भी किया गया जाएगा। जिससे पर्यावरण संरक्षित रहे।

वर्ष 2018 में फोर-लेन सड़क निर्माण के लिए कासगंज-सोरों मार्ग पर चार हजार पेड़ काटे गए थे। इन पेड़ों के कटने के बाद सेटेलाइट से कासगंज का ग्रीन कवर गायब हो गया था। एक बड़ी मुहिम छेड़ी गई। जिले में गंगा और भागीरथ वन स्थापित किए गए। तब बमुश्किल से सेटेलाइट पर ग्रीन कवर वापस लौटा। अब 520बी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण शुरू हुआ है। मथुरा-बरेली के बीच बाया कासगंज यह निर्माण हो रहा है। इसके लिए कासगंज जिले में एक बार फिर हरियाली भेंट चढ़ेगी। विकास के लिए पर्यावरण पर खतरा मंडराएगा। यहां हरे पेड़ों का कटान शुरू हो गया है। दो हजार से अधिक हरे पेड़ काटने का लक्ष्य तय किया गया है। यह पेड़ कट जाएंगे तो निश्चित ही पर्यावरण असंतुलित होगा। हालांकि दावा किया गया है कि इन पेड़ों के सापेक्ष एक बड़े क्षेत्र में पौध रोपण किया जाएगा और राष्ट्रीय राजामर्ग बनने के बाद मार्ग के किनारे भी फल, फूल, औषधि के पौधे लगाए जाएंगे। जो वृक्ष बनकर पर्यावरण को संरक्षित करेंगे।


कासगंज-मथुरा हाईवे पर पथरेकी के समीप काटे जा रहे पेड़। ● अमृत विचार

> राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए पेड़ काटे जाने की अपेक्षा राजमार्ग प्राधिकरण ने की। उसी के सापेक्ष पेड़ काटे जा रहे हैं। इन पेड़ों के काटे जाने के बाद अन्य स्थान पर पौध रोपण होगा। - **तपिस माहिर**, डीएफओ

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- बदायूं के गांव इस्लामनगर का रहने वाला था राहुल
- अन्य हादसे में ऑटो चालक सहित पांच लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** गुरुवार की रात एवं शुक्रवार की सुबह दो अलग अलग सड़क हादसों में बाइक सवार एक युवक की मौत हुई है। जबकि एक युवक घायल हुआ है। वहीं ऑटो और पिकअप भिडंत में ऑटो चालक सहित पांच लोग घायल हुए हैं।


मृतक राहुल

शुक्रवार सुबह मानपुर नगरिया के समीप सड़क हादसा हुआ। बदायूं जिले के गांव इस्लामनगर निवासी राहुल कुमार बाइक से अपने साथी गांव मनिकपुर निवासी मोनू के साथ कासगंज से जा रहे थे। जब बाइक सवार दोनों साथी मानपुर नगरिया के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां राहुल की मौत हो गई। जबकि मोनू को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया है।

सड़क हादसे की दूसरी घटना गुरुवार की रात अमांपुर के गांव करसाने के पास हुई। यहां ऑटो और पिकअप वाहन की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। कासगंज की ओर से ऑटो जा रहा था और अमांपुर की ओर से पिकअप वाहन आ रहा था। इस हादसे में ऑटो सवार देवरी निवासी प्रमोद, कोकिला, लखमीपुर निवासी भगवान सिंह, जयप्रकाश, नगला बाले निवासी दीपू घायल हुए हैं। इन सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां दीपू और प्रमोद की हालत गंभीर बनी रही। दोनों को अलीगढ़ रेफर किया गया है। अमांपुर थाना प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## यूडीआईडी कार्ड की बैठक 18 को होगी

**कासगंज।** जिलाधिकारी सुधा वर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं यूडीआईडी कार्ड की बैठक का दोपर 12 बजे से होगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश चंद्र ने समिति के सभी सदस्यों को बैठक में समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# सोरों के डा. राधाकृष्ण बने आयोग के सदस्य

- शिक्षा सेवा चयन आयोग में जिले के पूर्व डीएम को भी मिला स्थान
- सोशल मीडिया पर दिन भर जारी रहा बधाइयों का दौर

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** जिले के साहित्यकार शिक्षाविद एवं पूर्व डीएम को सफलता मिली है। उन्हें उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का सदस्य बनाया गया है। दोनों को सदस्य नामित होने पर बधाइयां दी गई हैं। सोशल मीडिया पर दिन भर बधाइयों का दौर चला। जिले के लिए यह बड़ी उपलब्धि मानी गई है।

जिले के साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित मूलरूप से सोरों के रहने वाले हैं। वे कोठीवाल आढ़तिया महाविद्यालय में प्रवक्ता हैं। लंबे समय से वह नमामि गंगे के संयोजक हैं और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बौद्धिक विभाग प्रमुख हैं। उन्हें एक अच्छे मंच संचालक के रूप में भी जाना जाता है। उनका चयन सरकार ने शिक्षा सेवा चयन आयोग में किया है।


शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य का कार्यभार ग्रहण करते डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित।

### कासगंज के डीएम रह चुके हैं आरपी सिंह



लखनऊ में रह रहे आईएएस आरपी सिंह चित्रकूट मंडल के कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वे कासगंज में डीएम रह चुके हैं। कासगंज के लोगों के प्रति उनका बहुत जुड़ाव रहा। यहां से स्थानांतरण होने के बाद जब वह लखनऊ पहुंचे तब भी कासगंज के तमाम लोग उनसे मिलने लखनऊ पहुंचते थे। अब उन्हें सदस्य बनाया गया है। जिले के तमाम सोशल ग्रुपों पर फोटो साझा कर उन्हें बधाई दी जा रही है।

## आज सहावर तहसील में शिकायतें सुनेंगे डीएम

**कासगंज।** जनता की समस्याओं व शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण करने के उद्देश्य से आज शनिवार को डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सहावर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। तहसील कासगंज एवं पटियाली में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में सभी क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रह कर जनता की समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करेंगे।

# दबे कुचलों की आवाज कांशीराम ने की बुलंद

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा शुक्रवार को शहर के सहावर गेट स्थित आंबेडकर धर्मशाला में कांशीराम की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर मल्यार्पण किया।

रामनाथ पुष्कर ने बताया कि समाज के दबे कुचले लोगों की आवाज उठाने के लिए कांशीराम ने अपना पूरा जीवन लगा दिया और उनकी आवाजको बुलंद किया। अध्यक्षता आनंद प्रिय विधार्थी ने एवं संचालन रामेश्वर दयाल जाटव ने किया। गोष्ठी में अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। रामदास विजय, होशियार सिंह निमेष, मुनेंद्र पाल सिंह, रामचंद्र राना, नन्द किशोर, होशियार सिंह, निमेष, चरन सिंह, योगेंद्र कुमार मौजूद रहे।


कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# डा. भीमराव आंबेडकर का सपना कांशीराम ने पूरा किया


कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई। ● अमृत विचार

- सपाइयों ने मनाई कांशीराम की जयंती, पुष्प अर्पित किए

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** गनेशपुर स्थित गौतमबुद्ध नगर में कांशीराम जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर सर्व समाज के लोगों ने कांशीराम को पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपना सम्मान दर्शाया। साथ ही वक्ताओं ने उन्हें दलितों और गरीबों का मसीहा बताया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि कांशीराम ने बाबा साहब डॉ. आंबेडकर का सपना पूरा किया। उन्होंने वंचित, दलित और दबे हुए समाज के उत्थान के लिए काफी कार्य किए। उन्होंने ही दलित और दबे हुए समाज को सत्ता तक पहुंचाया। कांशीराम एक कुशल राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने पूरी जिंदगी समानता और सम्मान की लड़ाई लड़ी। समाजसेवी अजब सिंह शाक्य ने कहा कि अगर कांशीराम ना होते तो दलित और दबे हुए तबके सत्ता तक पहुंचाने का सपना नहीं देख सकते थे। बौद्ध एकता समिति के अध्यक्ष कुलदीप शाक्य ने कहा कि कांशीराम का नाम दुनिया में अमर रहेगा। उन्होंने साइकिल से मेहनत कर एक राजनीतिक शक्ति इस देश के अंदर खड़ी की। जिससे राजनीतिक और सामाजिक स्थिति में परिवर्तन आया। संविधान को सही मायने में जमीन पर उतारने का काम काशीराम ने किया था। कुलदीप शाक्य, अब्दुल हफीज गांधी, मुन्ना लाल शाक्य, अनिल कुमार, धर्मेंद्र सिंह, अर्पित शाक्य, राम कुमार माथुर, सुरेश चंद, रवि कुमार माथुर, हुकुम सिंह शाक्य, सतीश माथुर, मनोज गोला, पुष्पेंद्र कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# योगाचार्य ने बताए निरोग रहने के गुर



योग कार्यशाला में योग सिखाते योगाचार्य। ● अमृत विचार

- केए कॉलेज में शुरू हुई योग विज्ञान कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** केए पीजी कॉलेज में नई शिक्षा नीति एनईपी में अनिवार्य वोकेशनल कोर्स के तहत बीए, बी कॉम द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर की योग विज्ञान कार्यशाला की शुरुआत की गई। जिसमें योग से निरोग रहने के गुर और योग का महत्व बताया गया। प्रवक्ताओं समेत विद्यार्थियों ने कार्यशाला में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की।

शुक्रवार को कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार रुस्तगी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। योगाचार्य जेसी चतुर्वेदी ने छात्र छात्राओं को योग के महत्व एवं छात्र जीवन में योग की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। योग विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को बताते हुए योगाभ्यास कराया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को योग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा बताया कि योग विज्ञान एक विशद विज्ञान है इसके उपयोग से हम छात्र जीवन में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर एकाग्रचित्त मन से दिन प्रतिदिन अपने करियर में प्रगति पा सकते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एपी गुप्ता, डॉ. मिथिलेश कुमारी, डॉ. ब्रजेंद्र कुमार, डॉ. के के सिंह, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. नरेश चंद्र भारद्वाज सहित योग विज्ञान समिति के प्रभारी डॉ. अनुपम पाठक, सह प्रभारी डॉ. उमेश कुमार, डॉ. पवन दूबे तथा सदस्य डॉ. पूनम रानी शर्मा, डॉ. सबिस्ता अंजुम, डॉ. अजीत कुमार यादव, डॉ. हर्ष मिश्रा , डॉ. कुशहर साहनी एवं निधि भसीन मौजूद रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 20 को

**कासगंज।** राजकीय आईटीआई के तत्वाधान में 20 मार्च को मां रामवती प्राइवेट आईटीआई बांकनेर कासगंज में रोजगार मेले लगाया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटर पास बालिकाओं तथा फिटर, मोटर, मैकेनिक, इलैक्ट्रिशियन, मशीनिष्ट, टर्नर, वायरमैन, वैल्डर तथा आरएसी व्यवसायों में 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा।

प्रधानाचार्य आईटीआई ज़हीर आलम ने बताया है कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 20 मार्च को सुबह 10 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाएं।

त्योहार | गांव एवं शहरों में दहन स्थलों पर रखी गई होलिका, शाम को फूल डालती हैं बालिकाएं

# फागुनी दस्तक से शहर-गांवों में बनने लगा माहौल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** आम के पेड़ में बौर लगने के साथ ही जगह-जगह होलिका रखे जाने लगे तो समझिए ऋतु परिवर्तन हो रहा है। इस पर मुहर तब लग जाती है, जब गांवों की पगडंडियों पर रंगे हुए कपड़ों में मेहमान आते-जाते दिखते हैं। शाम के वक्त टोली बनाकर गांव की चट्टी चौपालों पर गाए जाने वाले फाग गीत की गूंज तो हर किसी के रोम-रोम को पुलकित कर देता है।

दरअसल सच ही कहा गया है कि फागुन मास में बड़े भी बच्चों जैसी हरकत करने लगते है। सुर्ख हवाओं में सोंधी-सोंधी महक के बीच हर कोई बसंत ऋतु के आगाज से सराबोर हो चला है। गांव-गिरांव में फागुनी लगन-बारात में शिरकत करने वाले नाते-रिश्तेदारों की सफेदी लाल, हरे, पीले आदि रंग-बिरंगें छींटों से भर जाने लगेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा माना जाता है कि इस मास में होने वाले वैवाहिक समारोह में बरातियों पर घर की महिलाओं व पुरुषों द्वारा रंग डालने से वर्ष भर प्रेम संबंध मधुर बना रहता है। हालांकि बदलते जमाने में कुछ बदलाव जरूर आया है फिर भी सतरंगी रंगों का खेल ग्रामीण अंचलों में अभी भी अपनी पहचान बनाए हुए है। बसंत के मौसम में पतझड़ होने व आम के पेड़ों में लगे बौर अपने आप में अलौकिक छटा बिखेर रहे हैं।


शहर में सरकुलर रोड पर रखी गई होलिका। ● अमृत विचार

### उत्साही युवक एकत्र कर रहे लकड़ियां

गांव एवं शहरों में जगह-जगह स्थापित होलिका को बढ़ाने के लिए शाम के वक्त उत्साही युवकों की टोली निकल पड़ती है। इसके बाद लकड़ी आदि का प्रबंध कर होलिका के स्थान पर लाकर रखते हैं। अभी से होली की चिंता लोगों को सताने लगी है। होली में मात्र 9 दिन शेष रह गए हैं। भारतीय परंपरा में आस्था रखने वाले लोगों का मानना है कि संस्कृति को बरकरार रखते हुए फागुन मास का आनंद लेना चाहिए। गांव-गांव, गली-गली रखीं होलिकाओं पर शरारती बच्चे जगह-जगह से लकडियां एकत्रित कर रख रहे हैं।

कलामे-इलाही सुनने और सुनाने वाले को बेहद पसंद करता है अल्लाह

# रमजान में तिलावत का दोगुना हो जाता है शबाब

संवाददाता, भरगैन

- रमजान माह में जुमे की पहली नमाज में की गई अमन चैन की दुआ

**अमृत विचार :** इबादतों के मौसमे बहार यानी माह-ए-रमजान में कुरआन की तिलावत का सवाब दोगुना हो जाता है। इस महीने में कलामे इलाही सुनने और सुनाने वाले को अल्लाह तआला बेहद पसंद फरमाता है। यही कारण है कि उलेमा रमजान में कसरत से कुरआन की तिलावत करने पर बल देते हैं।



मुफ्ती मुहम्मद शाने अज़मत।

भरगैन के मुफ्ती मुहम्मद शाने अज़मत बताते हैं कि कयामत के दिन रोजा, नमाज ही नहीं बल्कि कुरआन भी बंदों की शिफाअत के लिए पैरवी करेगा। रोजा कहेगा ऐ अल्लाह इसने तेरी रजा के लिए तेज धूप और शिद्दत की गर्मी में भी रोजा रखा। दिन भर भूखा और प्यासा रहा। हलक सूख कर कांटा हो गया, लेकिन इसने रोजा नहीं तोड़ा। इसी तरह कुरआन कहेगा कि मैंने तेरे इस बंदे को रात-रात भर जगाया। इसने सुबह-शाम रात से लेकर भोर तक तिलावत कर तेरी बढ़ाई बयान की। इसके हक में तू मेरी शिफाअत कुबूल फरमा। उन्होंने कहा, वैसे तो कुरआन की तिलावत रोज करनी चाहिए, लेकिन मुबारक रमजान में इसका सवाब दोगुना हो जाता है। इसलिए माह-ए-रमजान में लोगों को कसरत से तिलावत करनी चाहिए। भूखे-प्यासे होने के बावजूद कुरआन की तिलावत करने वाले बंदों को अल्लाह तआला बहुत पसंद करता है। बताया कि तिलावत के कुछ आदाब होते हैं। उस पर लोगों को गौर करना चाहिए। कहा कि बा वजू होकर जब बंदा कुरआन की तिलावत को बैठे तो अपने आप को अल्लाह की बारगाह में महसूस करे। ठहर-ठहर कर कुरआन पढ़ने वालों को अल्लाह पसंद करता है। माह-ए-रमजान में कुरआन की तिलावत करने वाले को अल्लाह अपनी रहमतों की पनाह में ले लेता है।

### मुहम्मद आसिम ने रखा पहला रोजा

बड़े लोग रोज़ा रख रहे हैं तो दूसरी ओर छोटे बच्चे भी रोज़ा रख कर अपने रब की इबादत कर रहे हैं। भरगैन के मुहल्ला अहमद थोक के रहने वाले हाफिज मुहम्मद ज़ुबैर अहमद खान के सात साल के बेटे मुहम्मद आसिम खान ने भी माह-ए-रमजान का पहला रोजा रखा। दिन भर अल्लाह की इबादत की, साथ ही कुरआन पाक की तिलावत की। आसिम ने बताया कि रोजा रख काफी खुशी मिली है। सभी के साथ मिलकर नमाज भी अदा की। आसिम के पहला रोजा रखने पर उसकी मां नूर सबा और पिता हाफिज मुहम्मद ज़ुबैर, रिहान खान, आमिर खान, अमान खान आदि ने मुबारकबाद दी।

# डीपीओ को गैरहाजिर मिलीं कई आंगनबाड़ी कार्यकत्री

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण, तीन दिन में उपस्थित होने के निर्देश



आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थिति पंजिका चेक करतीं डीपीओ सुशीला कुमारी।

**अमृत विचार:** बाल विकास विभाग की डीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। कहीं भी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं मिली। अधिकांश आंगनबाड़ी वर्कर गैर हाजिर मिलीं। उनको तीन दिन में कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश और अपूर्ण अभिलेख पूर्ण करने के लिए कहा गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला कुमारी ने बाल विकास परियोजना गंजडुंडवारा और सिढ़पुरा के आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। नगर क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संचालित केंद्रो पर सात कार्यकत्री में से केवल एक रीता वर्मा मिलीं। केंद्र से संबंधित कोई भी अभिलेख नही मिले। हॉट कुक्ड फूड के बारे में रीता ने बताया कि अभी कोई भी पंजिका नहीं बनाई गई है। कार्यकत्री शिखा उपाध्याय, कल्पना सविता, सीमा शाक्य, संजू, रेखा गौतम, ममता पचौरी अनुपस्थित मिली। सहायिका रागिनी वर्मा, कमलेश, पुष्पा, रेखा शर्मा अनुपस्थित पाई गईं। गणेशपुर पर कार्यकत्री तबस्सुम, ज्ञान देवी उपस्थित थी, परंतु अभिलेख नही मिले। कार्यकत्री नीरज एवं सहायिका राजरानी, गुड्डो देवी एवं खिल्लो अनुपस्थित पाई गईं। इसी क्रम में बाल विकास परियोजना सिढ़पुरा के आगनवाड़ी केंद्र बहोरनपुरामें पुष्पा देवी उपस्थित पाई गए। कोई भी अभिलेख केंद्र पर नहीं मिला। कार्यकत्री मिथलेश, सहायिका राजकुमारी अनुपस्थित पाई गई। आगनवाड़ी केंद्र सिकहरा पर आगनवाड़ी कार्यकत्री प्रवीण शर्मा एवं मुन्नी देवी अनुपस्थित पाई गई। अनुपस्थित कार्यकत्रियों को 3 दिवस में जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में समस्त अभिलेख के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# जानलेवा हमला करने वाले को सात वर्ष का कारावास, दस हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगन कुमार भारती ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को दोष सिद्ध पाते हुए सात वर्ष के करावास की सजा सुनाई है। वहीं 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अमांपुर क्षेत्र के गांव कौंधा निवासी मुनीश्वर का गांव के ही मुकेश व उसके भाइयों से जमीन का विवाद चल रहा था। आठ सितंबर 2010 को एसडीएम सहावर के साथ लेखपाल गांव में जांच करने पहुंचे थे। मुकेश व उसके भाइयों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। इसी दिन देर शाम करीब आठ बजे मुनीश्वर का पुत्र प्रदीप पड़ोसी के चबूतरे पर बैठकर टीवी देख रहा था कि तभी मुकेश भाई राकेश के साथ आया। राकेश ने प्रदीप को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिकी मुनीश्वर थाना अमांपुर में मुकेश व उसके भाई राकेश विरुद्ध दर्ज कराई। विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर पैरवी करते हुए अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने घटना में संबंध में गवाहों सबूतों को प्रस्तुत किया गया। दौरान मुकदमा आरोपी मुकेश की मृत्य हो गई। उसके विरुद्ध मामले की कार्यवाही उपशमित की गई। प्रकरण में दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध सक्ष्यों के आधार राकेश को जानलेवा हमले की धाराओं के तहत दोष सिद्ध पाते हुए सात वर्ष का कारावास से दंडित किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*"राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# सजदे में झुके हजारों सिर, मांगी अमन-चैन की दुआ

## रमजान माह के पहले जुमा पर मस्जिदों में नमाज को उमड़े नमाजी, देर शाम को बाजारों में रही चहल पहल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** रमजान माह के पहले जुमा पर मस्जिदों में भीड़ उमड़ी। लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। मस्जिदों में हजारों सिर सजदे में झुक गए। लोगों ने अमन चैन की दुआ मांगी। देर शाम को बाजार में चहलपहल रही।

शुक्रवार को माह-ए-रमजान के पहले जुमे की नमाज को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। रमजान रखने वालों में बड़ी संख्या में बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल रही। सभी के चेहरे पर रमजान की खुशी नजर आई। लोगों ने बाजार से इफ्तार और अगले दिन की शहरी के लिए खाद्य पदाथों की खरीदारी की। बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा की। मस्जिदों में तकरीर देकर रमजान के महीन के महत्व के बारे में जानकारी दी। सहावर के मुहल्ला चौधरी स्थिति जामा मस्जिद, मुहल्ला अंसरियांन, कुरैसी, झंडापीर, खानजादगान, औलिया मस्जिद, सहित सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। मोहल्ला अंसरियांन मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अफसार अहमद ने रमजान के बारे में जानकारी दी। पटियाली में भी बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिदों में पहुंच कर जुमे की नमाज अदा की। रमजान के पर्व को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने सफाई के विशेष इंतजाम किए। गंजडुडवारा में जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचे। भरगैन, पटियाली, बिलराम, सिढ़पुरा, अमांपुर, सहावर, सोरों, गणेशपुर, सुजावलपुर की मस्जिदों में शुक्रवार को रमजान महीने के पहले जुमा की विशेष नमाज हुई। इस मौके पर देश में अमन चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। शाम को रोजेदारों ने इफ्तार का आयोजन किया और अमनो अमान की दुआ मांगी।



रोजा इफ्तार के लिए फलों की खरीदारी करते मुस्लिम समाज के लोग। • अमृत विचार



कस्बा बिलराम में मस्जिद के बाहर तैनात आईटीबीपी के जवान। • अमृत विचार

> सीएए कानून लागू होने के बाद जुमे की पहली नमाज हुई। ऐसे में विशेष अलर्ट रखा गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईटीबीपी के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए हैं। - **अजीत चौहान,** सीओ सिटी

### सीएए के बाद पहले जुमा पर रहा अलर्ट

सीएए कानून लागू होने के बाद जुमे की पहली नमाज थी। बड़ी संख्या में मस्जिदों में लोग उमड़े। ऐसे में विशेष अलर्ट रहा। रमाजन माह, सीएए कानून और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस, पीएसी के अलावा आईटीबीपी के जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से कड़ा पहरा रहा।



नमाज के लिए मस्जिद में जाते बड़ी संख्या में नमाजी। • अमृत विचार

# होली पर खपाने के लिए गांव गांव में तैयार हो रहा जहर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने कई धंधेबाजों को पकड़ा आबकारी विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

**अमृत विचार :** होल पर्व कच्ची शराब के पक्के कारोबार की तैयारी हो जाती है। गांव गांव कच्ची शराब तैयार होने की खबरें मिलती है। पुलिस ने कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान शुरू कर दिया है। कासगंज, पटियाली, सिकंदपुर वैश्य, अमांपुर, गंजडुंडवारा क्षेत्रों में पुलिस की टीमें विशेष अभियान चला रही हैं। पुलिस ने नौ आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं आबकारी विभाग ने अभी तक कोई कार्यवाही शुरू नहीं की है।

थाना पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने अवैध देसी शराब के 30 पव्वा के साथ अरुण निवासी हाकिमगंज एवं चंदन निवासी जिनौल थाना पटियाली को गिरफ्तार किया है। गंजडुंडवारा इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने 65 पव्वा के साथ सुधीर कुमार निवासी मिझखुरी एवं पोप सिंह निवासी ग्राम जलालपुर थाना सुन्नगढ़ी को गिरफ्तार किया है। थाना सिकंदपुर वैश्य के इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने जसवीर निवासी सनौढ़ी, गंगादीन निवासी नगला मेहरी, कुंबरपाल निवासी नगला टिकुरी थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार कर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। अमांपुर थाने के इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने 15 लीटर कच्ची शराब के साथ नेमवीर उर्फ बौना निवासी ग्राम कुचलपुर को गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने रमेश निवासी कातौर को गिरफ्तार कर 45 पव्वा अवैध देशी शराब बरामद किए हैं।

एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हमें याद हैं व्यापारियों की कुर्बानियां

संवाददाता, पटियाली



प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्रा एवं प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता का 51 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत करते व्यापारी। • अमृत विचार

- व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ेगा व्यापार मंडल: मुकुंद
- पटियाली में हुआ जिला सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट का जिला सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समरोह पटियाली के गंजडुंडवारा रोड स्थित मां पाटलावती फार्म हाउस पर हुआ। सम्मेलन में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री ने सहभागिता की। नवनियुक्त व्यापारियों को संगठन की शपथ ग्रहण कराई।

प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्रा कहा कि व्यापारियों की कुर्बानियां हमें याद हैं। अब व्यापारियों की समस्याएं सरकार सुनती है। पहले मिलावट के नाम पर व्यापारियों को ठगा जाता था। व्यापारी से होने वाली बसूली बंद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भामाशाह की जयंती प्रदेश सरकार व्यापार दिवस के रूप में मना रही है। केंद्र सरकार भी मनाए। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों के लिए ही समर्पित है। उनके भरोसे पर खरा बने रहना ही जीवन का लक्ष्य है। उन्होंने व्यापारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आहवान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र वार्ष्णेय ने की। कार्यक्रम का संचालन व्यापारी शरद कांत मिश्रा ने किया। मुख्य संरक्षक विनोद कुमार दुबे, जिला महामंत्री एटा राकेश चंद्र वार्ष्णेय, जिलाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल विकास गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुमकुम वार्ष्णेय, जिला महामंत्री प्रदीप गुप्ता, मो.फारूख नगर अध्यक्ष कासगंज, जितेंद्र वार्ष्णेय, जिला उपाध्यक्ष अरुण सर्राफ, नगर अध्यक्ष अनुराग वार्ष्णेय, धीरज गुप्ता, नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, राकेश पाराशर, जितेन्द्र यदुवंशी, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, रजत गुप्ता, व्यापक मंडल नगर अध्यक्ष युवा सारांश वार्ष्णेय, नगर महामंत्री गौरव मिश्र, कोषाध्यक्ष बीरेंद्र वार्ष्णेय, नगर उपाध्यक्ष हशमत अली, अनिल कुमार, युवा नगर चेयरमैन शुभम शर्मा, नगर महामंत्री, नरेंद्र कठेरिया, नगर कोषाध्यक्ष, अरशद राइन, नगर उपाध्यक्ष, विनय यादव, पुलकित वार्ष्णेय, गौरव चतुर्वेदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नहर के पानी का बंटवारा आपसी सामंजस्य बनाकर करें किसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



जल उपभोक्ता समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। • अमृत विचार

- डब्ल्यू डब्ल्यू एफ ने किसान समितियों को किया जागरूक दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** जल संरक्षण के लिए प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में कासगंज की मिसाल पेश कर चुका डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और भी बेहतर प्रयास कर रहा है। शुक्रवार को किसानों की समितियां को प्रशिक्षण दिया गया और सबसे अधिक बल दिया गया कि नहरों का रखरखाव और पानी का बंटवारा किसान आपसी सामंजस्य बनाकर स्वयं करें। तभी जल संरक्षित होगा और फसलों में पैदावार बढ़ेगी।

ग्राम पंचायत भवन सरावल में डब्लू डब्लू एफ इंडिया और सिंचाई खंड कासगंज ने लोअर गंगा कैनाल की 100 जल उपभोक्ता समितियों के प्रशिक्षण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त रूप से मिलकर जिले की मोहनपुर रजवाहा के अन्तर्गत आने वाली छह जल उपभोक्ता समितियां को जागरूकता बढ़ाने और उनको क्रियाशील करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया। जिसमें लखनऊ से वरिष्ठ एक्सपर्ट फनीस सिन्हा और रमाकांत आर्या, डब्लूडब्लूएफ के निदेशक नितिन कौशल ने जल उपभोक्ता समिति के सदस्यों को विभिन्न प्रकार के उनके अधिकारों और नहर के रखरखाव और पानी के बंटवारे और आपसी सामंजस्य के ऊपर जोर देते हुए प्रशिक्षण दिया। डब्लू डब्लू एफ इंडिया से सीनियर कॉर्डिनेटर राजेश बाजपेई ने संचालन किया। जिलेदार परवेज अहमद ने बाछमई कमांड क्षेत्र में सिंचाई विभाग और डब्लूडब्लूएफ द्वारा किए गए कार्यों को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। कैनाल मजिस्ट्रेट दिनेश चंद्र गौड़ ने सभी समिति के सदस्यों को सम्मानित किया। कॉर्डिनेटर हिमांशु शर्मा ने लोगो को जैविक खेती के बारे में विस्तार से समझाया। जिलेदार द्वितीय सर्वेश गंगवार, प्रदीप, मोहर सिंह, अशोक, धर्मेंद्र बघेल ,योगेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉक्टरों पर लगे लापरवाही, वसूली के आरोप, कार्रवाई किसी पर नहीं

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- प्रसव के दौरान प्रसूता के पेट में रुई छोड़ने का मामला
- पति ने डीएम, एसपी को पत्र लिख लगाई कार्रवाई की गुहार

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा में तैनात डॉक्टरों ने प्रसूता के पेट में प्रसव के दौरान रुई छोड़ दी। परिजनों ने वीडियो वायरल कर सीएचसी पर तैनात डॉक्टरों पर लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी थी। अब तक कोई कार्रवाई न होते देख पीड़िता के पति जीतू निवासी खरपुर ने शुक्रवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है। जीतू ने पत्नी पूनम को प्रसव पीड़ा होने पर तीन मार्च को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां प्रसव के बाद पुत्र जन्मा था। ड्यूटी पर मौजूद महिला स्टाफ ने प्रसव के नाम पर 7000 रुपये की अवैध वसूली भी की थी, लेकिन अस्पताल से छुट्टी के बाद महिला के पेट में दर्द कम नहीं हो रहा था। टाकों से खून बहने लगा और वह खुल गए थे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने पेट से दो से तीन पीस रुई निकाली थी। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे अलीगढ़ मेडीकल कॉलेज रेफर किया था। बुधवार को पीडित परिवार ने कार्रवाई के लिए कोतवाली गंजडुंडवारा मे शिकायत की थी। सीएमओ राजीव अग्रवाल द्वारा कार्रवाई की बात कही गई थी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### साजिश कर जमीन का कराया बैनामा

एटा। नयागांव थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी रिजवान पुत्र बाबू हुसैन ने अदालत के आदेश से मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि गांव के निवासी हैदरी बेगम पत्नी रशीद खां समेत सात लोगों द्वारा षड्यंत्र के तहत पीड़ित के मकान का छल कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी बैनामा करा लिया गया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### देवदूत वानर सेना का रक्तदान शिविर कल

जलेसर। नगर की समाज सेवी संस्था देवदूत वानर सेवा के तत्वावधान में छठां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17 मार्च को आयोजित होगा। शिविर में कार्य संस्था ओम ब्लड बैंक आगरा होगी। रक्तदान शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए हरमीत सिंह छाबड़ा ने बताया की शिविर का आयोजन स्वर्गीय प्रमोद गुप्ता एवं मंजुल गुप्ता की स्मृति में आयोजित होगा। उन्होंने रक्तदानियों से आह्वान किया है कि वह रक्तदान शिविर में समय से पहुंचे।

### मादक पदार्थ के साथ दो लोग गिरफ्तार

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अवागढ़ पुलिस द्वारा दीपक उर्फ कमलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम लोया बादशाहपुर थाना बागवाला और सत्यभान पुत्र रनवीर सिंह निवासी ग्राम सिहोर गढ़ थाना बरहन जनपद आगरा को 7 .5 किलाग्राम गांजा तथा एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### निषाद पार्टी की बैठक कल

एटा। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि 17 मार्च रविवार को प्रात 11 बजे से निषाद पार्टी की जिला स्तरीय बैठक पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता में सीडीएस पब्लिक स्कूल निकट मारहरा तिराहा हाइवे के नीचे कासगंज रोड एटा पर होगी। निषाद पार्टी के प्रमुख महासचिव डा. सुभाष शाक्य ने पार्टी के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों से उक्त आवश्यक बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थिति रहने का अनुरोध किया है।

### 18 को होगी बैठक

एटा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान जनपद एटा में प्रस्तावित है। डीएम प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 18 मार्च को सांय पांच बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में अंतर विभागीय बैठक आयोजित होगा।

# चार दिन से लापता युवक का शव बंबा में मिला

## 12 मार्च की रात गांव जिरसिमी में दावत खाने गया था तब से लापता था सतेंद्र

संवाददाता, एटा



बंबा में शव मिलने की सूचना पर एकत्रित ग्रामीण।

- परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी, शव की शिनाख्त होते ही परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव जिरसिमी में चार दिन से लापता युवक का शव बंबा में मिला है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सूचना पर पहुंची सकीट थाना पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बंबा से बाहर निकाला और शिनाख्त के लिए क्षेत्र में संदेश भेज दिया। इसी दौरान पहुंचे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम न्यौराई निवासी मौसी के लड़के मानपाल ने अपने मौसा गंगा प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र सतेन्द्र सिंह के रूप में शिनाख्त की। मृतक की मां द्रोपा देवी ने बताया कि गांव के निवासी अंशुल के घर 12 मार्च की रात मंडप की दावत थी। द्रोपा देवी ने बताया कि बेटा सतेन्द्र सिंह मंडप की दावत में था। रात किसी समय वहीं से गायब हो गया। घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। 13 मार्च 2024 को खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता न चलने के पश्चात 14 मार्च को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शव मिलने के पश्चात पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**शहर में टेलर का करता था काम:** बताया गया है कि सतेन्द एटा शहर में टेलर का काम करता था। उसकी शादी 10 साल पहले हुई थी। एक साल पत्नी घर रही। उसके बाद वह छोड़कर चली गई।

सतेन्द्र चार भाई थे। उससे छोटा भाई विपिन कुमार चार साल पहले दिल्ली जाने की कहकर गया था। उसके बाद गायब हो गया था, तब से अभी तक सुराग नहीं लगा। भाई सुरेन्द्र और मनवीर दिल्ली में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव को पुलिस ने कसी कमर

**अवागढ़, अमृत विचार:** आगामी लोक सभा चुनावों को निर्विघ्न संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय दिखाई दे रहा है। नगर एवं देहात क्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक जयेंद्र प्रसाद मौर्य स्वयं पुलिस की गाड़ी से प्रतिदिन लाउड स्पीकर द्वारा जनता को जागरूक करते हुए धारा 144 लागू होने की जानकारी दे रहे हैं। जिसके तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच लोग एकत्रित न हो, बिना अनुमति कोई जुलूस आदि न निकालें और ना ही कोई सभा आदि आयोजित किए जाएंगे। सभी शस्त्र धारक अपने शस्त्रों को थाना कोतवाली या असलाहों की दुकान पर समय से जमा करा दें। किसी भी गलत अफवाह पर ध्यान ना दें तथा अफवाह फैलाने वाले की सूचना थाना कोतवाली पर शीघ्र दें।

# खेल-खेल में तीन वर्षीय बालक तालाब में डूबा, मौत

संवाददाता, अलीगंज/एटा

- अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया भरापूरा का है मामला

**अमृत विचार:** अलीगंज क्षेत्र के एक गांव में तालाब के पास खेल खेल में तीन वर्षीय बच्चे के अचानक डूबने से मौत हो गई। पता जब चला तब तक उसका शव पानी के ऊपर तैरता नजर आया।



मृतक कौशल

गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया भरापूरा निवासी संजीव का तीन वर्षीय बच्चा कौशल, जो अपनी मां के साथ खेत पर जा रहा था। बताया गया कि उसकी मां सरिता जो अपने खेत में पहुंच गयी लेकिन उसका बालक वहां पर नही पहुंच पाया। बताया गया जिस रास्ते पर उसका खेत है। वहां पर तालाब है। बच्चा तालाब के किनारे खेलने लगा और अचानक उसमें डूब गया। काफी देर बाद उसका पता नही चला तो खोजबीन शुरू की गई। लगभग तीन घंटे बाद बच्चे का शव तालाब में पानी के ऊपर तैरता मिला।आनन फानन में शव को तालाब के बाहर निकाला गया। परिजन उसको सीएचसी अलीगंज लेकर आए जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। ताऊ प्रदीप ने कोतवाली अलीगंज में प्रार्थना पत्र दिया है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों में कोहराम मच गया।

# रेलवे रोड के चौड़ीकरण में हो रही मनमानी, व्यापारियों का प्रदर्शन

संवाददाता, एटा

- चौड़ीकरण व निर्माण कार्यों के शुरू होने पर व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जताया असंतोष

**अमृत विचार:** नगर पालिका द्वारा रेलवे रोड के चौड़ीकरण और निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया, लेकिन चौड़ीकरण की प्रक्रिया का विरोध शुरू हो गया है। व्यापारी विरोध में उतर आए हैं। शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और एक ही तरफ सड़क चौड़ी करने का आरोप लगाया।

नगर पालिका की ओर से रेलवे मार्ग को सात मीटर चौड़ा किया जा रहा है। बीच सड़क से दोनों ओर बराबर चौड़ी करने की कार्ययोजना तैयार की गई, लेकिन अब तक एक ही ओर चौड़ाई के लिए खुदाई की जा रही है। इसके चलते विरोध शुरू हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि एक ओर नगर पालिका की दुकानें हैं जबकि मार्ग के उत्तर दिशा में बने मकान स्वामियों ने नगर पालिका पर दबाव बनाया। इसके बाद पालिका की दुकानों की ओर डेढ़ मीटर की जगह 3 मीटर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। व्यापारियों को परेशान करने की मंशा से गलत तरीके से सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है।

नरेश पाराशर, सुरेश चंद्र, शैलेश कुमार, रतेंद्र पाल सिंह, सुधा सिंह, हरिओम आदि ने एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश को ज्ञापन सौंपा है।

> व्यापारियों की ओर से ज्ञापन देकर मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। जांच के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। गलत कार्य नहीं होने दिया जाएगा। **–राज कुमार मौर्य,** ईओ, नगर पालिका एटा

### आंदोलन करने को होंगे बाध्य

डा. राकेश यादव ने कहा कि गलत तरीके से सड़क बनाई जाती है तो नगर पालिका की दुकानों में कारोबार करने वाले व्यापारियों को आंदोलन करना पड़ेगा।

## सार-संक्षेप

### योजनाओं व मतदान के प्रति किया जागरूक



एटा। राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं मतदान के प्रति जागरुकता के लिए सामुदायिक भवन, आंबेडकर पार्क ,अंबेडकर नगर एटा में डूडा द्वारा बैठक आयोजित की गई। इसमें राकेश कुमार, शहर मिशन प्रबंधक डूडा एटा द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित समूहों की महिला सदस्यों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आशीष कुमार सामुदायिक आयोजक, सरोज सिंह, अनुराधा, ललिता आदि के साथ-साथ समूह की लगभग 30 महिलाएं उपस्थित थीं।

### कस्बे में निकली प्रभु महावीर की रथयात्रा



**अवागढ़।** शुक्रवार को सिद्ध क्षेत्र श्री पावापुरी से आचार्य विद्यानंद महाराज एवं आचार्य विद्या सागर महाराज के आशीर्वाद प्राप्त कर भारत भ्रमण में श्री 1008 महावीर प्रभु की जगह जगह जैन मंदिरों में भव्य स्वर्णिमय रथ की शोभायात्रा निकाली जा रही है। अवागढ़ में भी भगवान की भव्य दीप अर्चना की गई व प्रात: भव्य अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। तत्पश्चात श्री का स्वर्ण मय रथ की भव्य शोभायात्रा श्री दिगंबर जैन अटारी पार्श्वनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर किला रोड, बारहद्वारी, लोहा मंडी, होते हुए रोडवेज चौराहे पर पहुंची। रथ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं रंगोली सजाकर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान विपिन जैन, तरुण जैन, सुनील जैन, दीपक जैन, परिमल जैन सेठी, राकेश जैन, बासु जैन, पवन जैन, अशुतोष जैन, पारस जैन, नमन जैन, अंकुश जैन, यतेंद्र जैन, मुकेश जैन आदि रहे।

### सपा कार्यालय पर मनाई गई कांशीराम की जयंती




एटा। बहुजन नायक कांशीराम की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें पार्टी नेताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य ने कहा कि कांशीराम साहब एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक व्यक्तित्व थे। उन्होंने हर दलित शोषित पीड़ित समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। जिला महासचिव भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि कांशीराम साहब ने बाबा साहेब डॉ, भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए अपनी सरकारी नौकरी से त्याग पत्र देकर कई सामाजिक एवं राजनैतिक संगठन बनाए। सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फईमुद्दीन वारसी, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सागर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष अशरफ हुसैन, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इं .नूर मोहम्मद खान, जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, मंजीत यादव, शशांक यादव सीटू, सपा नेता जहीर अहमद, शराफत हुसैन उर्फ काले, जसवीर सिंह यादव, डॉ, इब्राहिम आदि रहे।

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, शाहजहांपुर

पत्रांक : सी-1500/जिकाअ/आं.बा.चयन-विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक : 15 मार्च 2024

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3075/58-1-2022-2/1 (22) 10 दी.मी.दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद शाहजहाँपुर के शहरी/ग्रामीण पपिक्षेत्रों में संचालित विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती की प्रक्रिया के अन्तर्गत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परियोजनावार रिक्त पदों का वार्डवार/ग्राम पंचायतवार विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | खुदागंज | ग्रामीण | 04 |
| 2. | मिर्जापुर | ग्रामीण | 06 |
| 3. | सिंधौली | ग्रामीण | 09 |
| 4. | ददरौल | ग्रामीण/शहरी | 09 |
| 5. | निगोही | ग्रामीण/शहरी | 09 |
| 6. | जैतीपुर | ग्रामीण | 13 |
| 7. | खुटार | ग्रामीण | 14 |
| 8. | जलालाबाद | ग्रामीण/शहरी | 13 |
| 9. | कलान | ग्रामीण/शहरी | 15 |
| 10. | बण्डा | ग्रामीण/शहरी | 28 |
| 11. | पुवायां | ग्रामीण/शहरी | 29 |
| 12. | मदनापुर | ग्रामीण | 30 |
| 13. | कांट | ग्रामीण/शहरी | 32 |
| 14. | भावलखेड़ा | ग्रामीण/शहरी | 47 |
| 15. | तिलहर | ग्रामीण/शहरी | 41 |
| 16. | शहर | शहरी | 53 |
| | योग | | 342 |

उपरोक्त पदों का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार विवरण, आरक्षण स्थिति का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु दिशा-निर्देश :-**

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका की आयु पोर्टल पर निर्धारित कट ऑफ डेट के अनुसार न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. आवेदिका की आयु पोर्टल पर निर्धारित कट ऑफ डेट के अनुसार न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि 06 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों एवं कार्यालय से निर्गत रिक्तियों/विवरण में भिन्नता पाये जाने पर कार्यालय से निर्गत विज्ञप्ति में अंकित रिक्तियां/विवरण ही मान्या होगा। पोर्टल पर आवेदन में आ रही किसी समस्या के निदान हेतु पोर्टल पर उपलब्ध टोल फ्री नम्बर 18001375678 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**शाहजहाँपुर**

# सड़क हादसों में महिला की मौत, तीन घायल

संवाददाता, एटा

- पहले हादसे में महिला को टक्कर मारने वाली रोडवेज बस का नहीं लग सका पता
- दूसरे हादसे में दो लोगों को वाहन तो तीसरी दुर्घटना में मैजिक ने मारी टक्कर

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें से दो लोगों की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जसरथपुर थाना क्षेत्र के गांव गैसिंगपुर निवासी अजीजन पत्नी स्व. दिलशाद शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे जैथरा थाना क्षेत्र के धुमरी चौराहा स्थित नगला मोहन के समीप पैदल जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि महिला को टक्कर मारने वाली रोडवेज बस की जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

मेडिकल कालेज एटा में भर्ती जनपद फिरोजाबाद का एका थाना क्षेत्र के ग्राम नगला रमियां निवासी अवनीश कुमार (30) पुत्र रामनिवास और मुन्नालाल (55) पुत्र छत्तर सिंह ने बताया कि दोनों को बाइक से जाते समय शिकोहाबाद रोड से एका जाने वाले मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। अवनीश को हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं, दूसरी ओर रिजोर थाना क्षेत्र के गांव गुमानपुर निवासी राय सिंह (35) रामचन्द्र को क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड स्थित गांव निधौलीखुर्द के पास टेंपो से जाते समय मैजिक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने का मामला दर्ज

**एटा, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपनिरीक्षक की शिकायत पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने का मामला कोतवाली नगर में दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह ने कोतवाली नगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यूट्यूब पर एक व्यक्ति ने भड़काऊ धार्मिक टिप्पणी की है। इससे धर्म को मानने वालों को गहरा दुख हुआ है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सरकारी अस्पताल के सामने से यूट्यूब पर एक विशेष जाति धर्म पर नफरत फैलाने वाले भड़काऊ पोस्ट डाले गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित आमिर हयात पुत्र निजाम समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामला दर्जकर जांच में जुटी है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र मनीष कुमार पीपल को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **प्रभा रानी पत्नी स्व. रमेश चन्द्रा निवासी 109/04बी-उमंग पार्ट-1, महानगर, बरेली।**

**आवश्यकता है**

महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।

**अपना बायोडाटा whatsapp करें- मो0- 7081974868**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे प्लाट की पुरानी रजिस्ट्री, जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 15.11.2017 को हुई थी, जिसका बही नं. 1, जिल्द 9722 के पृष्ठ 397 से 424 में नं. 8794 पर कार्यालय स.र. साहब बरेली में हुई। वास्तव में कहीं खो गई है। जिसका उपयोग गैरकानूनी होगा। **साधना शर्मा पत्नी श्री मनोज कुमार शर्मा, नि. संतोषी धाम कालोनी, इटौआ रोड, बरेली मो. 9027186684**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा मकान नं. 121, स्थित मो. जुल्फिकारगंज मारूफ श्यामगंज, बरेली में है। उसका केस अदालत में है। कोई खरीदेगा तो बैयनामा अवैध होगा। **राकेश कुमार पुत्र स्व. राम गोपाल, निवासी- मो. जुल्फिकार गंज, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गेहूं बिक्री को 731 किसानों ने कराया पंजीकरण

संवाददाता, एटा

- पंजीकरण में वृद्धि लाने को विभाग ने कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी
- जिले में 84 गेहूं क्रय केंद्र किए स्थापित, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**अमृत विचार:** जिले में अभी तक मात्र 731 किसानों ने ही पंजीकरण कराया है। इसमें तेजी लाने के लिए विभाग ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है ताकि समय से गेहूं बिक्री का काम शुरू हो सके। विभाग का लक्ष्य पूरा हो सके।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी नंद किशोर ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

यह पंजीयन कृषक स्वंय अथवा जनसूचना केंद्र के माध्यम से अथवा साइबर कैफे के माध्यम से कराया जा सकेगा। ऑनलाइन पंजीकरण, कृषकों के भूलेख, आधार संख्या एवं पंजीकरण के समय कृषक के मोबाइल नंबर पर प्रेषित ओटीपी के आधार पर किया जाएगा। आधार लिंक बैंक अकाउंट का पीएफएमएस पोर्टल से सत्यापन के उपरान्त ही पंजीकरण पूर्ण माना जायेगा। वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

जनपद में इस वर्ष समस्त क्रय संस्थाओं के कुल 84 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन द्वारा जनपद के लिए 76,000 मीट्रिक टन लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। जनपद में अभी तक 731 कृषकों द्वारा पोर्टल पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीकरण कराया गया हैं एवं पंजीकरण में प्रगति लाये जाने के लिए सभी पंचायतों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है, जो गांव-गांव जाकर किसानों को प्रेरित करेंगे। गेहूं खरीद नियंत्रण कक्ष जिला खाद्य विपणन अधिकारी, एटा के कार्यालय में स्थापित किया गया हैं, जिसका दूरभाष संख्या 05742-238735 एवं मोबाइल संख्या-9027250734 हैं। इसमें सभी कृषकों से गेहूं केंद्र पर साफ कर एवं सुखाकर लाने को कहा गया है। अगर गेहूं में नमी पाई जाती है तो इसके उठान में दिक्कत हो सकती है।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी खुटार, शाहजहाँपुर

पत्रांक : बी.आर.सी./नीलामी/341/2023-24 दिनांक : 15.03.2024

**कार्यालय ज्ञाप**

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण सम्बन्धी शासनादेश संख्या-15/68-5-2020 दिनांक 20.09.2020 में निहित प्रावधानों एवं जिलाधिकारी महोदय, के आदेश के अनुपालन में गठित तकनीकी समिति द्वारा निम्न जर्जर सूची के भवनों की नीलामी शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार गठित नीलामी समिति द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहांपुर कार्यालय के पत्रांक एस.एस.ए./नि.का./12939-46/2022-23 दिनांक 23.01.2023 के अनुक्रम में, विकास खण्ड खुटार के निम्न विद्यालय के भवनों की नीलामी निम्न विवरणानुसार की जानी है, इच्छुक बोलीदाता नीलामी तिथि से पूर्व किसी कार्य दिवस पर सम्बन्धित जर्जर विद्यालय भवन का स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर नीलामी में बोली हेतु निम्नांकित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

| क्र.सं. | विद्यालय का नाम | भवन की स्थिति | न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर धनराशि (10%) | नीलामी का स्थल | नीलामी का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रा.वि. खुटार-2 | जर्जर | 60000.00 | 6000.00 | ब्लाक संसाधन केन्द्र वि.क्षे. खुटार | 20.03.2024 पूर्वान्ह 11 बजे से नीलामी पूर्ण होने तक। |
| 2. | प्रा.वि. नवदिया नवाजपुर | जर्जर | 32000.00 | 3200.00 | | |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें :-**

1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति या फर्म नीलामी के दिनांक को कालम 05 में अंकित धनराशि जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।
2. कोई भी व्यक्ति या फर्म एक या एक से अधिक या समस्त विद्यालयों की नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है।
3. अधिकतम बोलीदाता को उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समिति के खाते में जमा करानी होगी, जमा की पुष्टि के उपरान्त ही ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जायेगा।
4. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा पुन: नीलमी की जायेगी।
5. अधिकतम बोलीदाता को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी होने के 07 दिवस के अन्दर जर्जर भवन ध्वस्त कर समस्त अवशेष मलबे को स्वयं के श्रम एवं व्यय राशि से नींव सहित हटाना होगा।
6. असफल बोलीदाता की धरोहर राशि नीलामी उपरान्त वापस की दी जायेगी।
7. किसी भी विवाद की स्थिति में समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा तथा बिना किसी कारण बताये नीलामी निरस्त करने का अधिकार समिति के पास होगा।
8. भवन ध्वस्तीकरण हेतु किसी विस्फोटक का उपयोग नहीं किया जायेगा।
9. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर होगा।

**नोट : उपरोक्त सभी नीलामी वाले विद्यालयों के प्रधान शिक्षक अपने से स्तर नीलामी के सम्बंध में ग्राम/नगर पंचायत स्तर पर डुग्गी/मुनादी कराते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करें।**

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**खुटार, शाहजहांपुर**

## सार-संक्षेप

### पशुओं को रोगों से बचाने के लिए रवाना की वैन

**जलेसर, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के द्वारा पशु चिकित्सकों को गांव-गांव भेज कर पशुओं में फैल रही खुरपका एवं मुंहपका रोग को नियंत्रित करने के लिए मोबाइल वैन का आरंभ विधायक संजीव दिवाकर द्वारा किया गया। विधायक दिवाकर ने कहा कि प्रदेश सरकार जो कहती है, वह करती है। किसानों एवं पशु पालकों की आय दोगुनी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मौजूदा समय में पशुओं में फैल रहे रोगों को रोकने के लिए पशु चिकित्सालय से मोबाइल वैन का आरंभ किया गया। यह चतुर्थ चरण है। उन्होंने पशुपालकों से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज शुक्ला, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता, जिला मंत्री रामजीलाल, वीरेंद्र प्रताप सिंह, संतोष, दीपक सिंह, पशुधन प्रसाद अधिकारी दिनेश गहलोत, सत्येंद्र सिंह, सत्यदेव सिंह, उस्मान खान, राजेंद्र सिंह, जेपी सिंह, बबलू आदि मौजूद थे।

### 1.87 करोड़ से सुधरेगी सड़क की हालत



**अवागढ़, अमृत विचार :** यादव नगर सहित मुस्तफाबाद मार्ग की सवा किलोमीटर स्थित सड़क कई वर्षों से खस्ताहाल थी। इसको लेकर यहां के व्यापारियों तथा लोगों ने भारतीय किसान यूनियन किसान के नेताओं के साथ जिला स्तर तक प्रदर्शन किया। अब लंबी लड़ाई के बाद सरकार से मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने 1250 मीटर की इस सड़क का निर्माण एक करोड़ सत्तासी लाख रुपयों की लागत से कराना शुरू कर दिया है। सड़क निर्माण का क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर ने फीता काटकर शिलान्यास किया है। इस मौके पर चेयरमेन महेशपाल सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश वार्ष्णेय, व्यापारी नेता धर्मेंद्रपाल सिंह राजू, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान यूनियन किसान पवन ठाकुर, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव शिवप्रताप सिंह, सभासद मनोज वार्ष्णेय मोना, वीरपाल लाखा, रवेन्द्र वार्ष्णेय रिंकू, सनी गुप्ता, आकाश झा आदि उपस्थित थे।

### व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**अलीगंज, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा कानपुर से अलीगंज पहुंचे। कायमगंज रोड स्थित पेट्रोल पंप पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों का हित सर्वोपरि है। जिनका उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरे प्रदेश में व्यापारियों के हित के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। व्यापारियों की समस्या सुनने के लिए हर जिले का भ्रमण किया जा रहा है। चुनाव भी होने हैं। व्यापारियों की समस्याएं जो सामने आ रही हैं, उन्हें सरकार तक पहुंचाकर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के यहां बेवजह छापामारी होती है तो इसका व्यापार मंडल विरोध करता है और करता रहेगा। सरकार तक आवाज उठाने के लिए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, अशोक सराफ, नगर अध्यक्ष विनोद कुमार आर्य, एटा के नगर अध्यक्ष अतुल राठी, युवा उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता, महामंत्री राकेश कुमार स्वर्णकार, अशोक जैन, प्रदीप गुप्ता टीपू, जयप्रकाश वर्मा ,सुनील पांडे ,कल्लू मियां आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्लेसमेंट डे 18 को

**एटा, अमृत विचार :** युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर एटा में प्लेसमेंट डे सुबह 10 :30 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि व्यवसाय फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक से राजकीय, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण एवं मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स से राजकीय, निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों से उत्तीर्ण इसमें भाग ले सकेंगे।

# पांच केंद्रों पर जांची जाएंगी उत्तर पुस्तिकाएं

## डीआईओएस कार्यालय पर बने कंट्रोल रूम से की जाएगी निगरानी

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हो रहा है। जिले में पांच केंद्रों पर मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा। डीआईओएस कार्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से सभी केंद्रों की निगरानी की जाएगी।

डीआईओएस चंद्रकेश सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे से मूल्यांकन का कार्य शुरू हो जाएगा। शाम पांच बजे तक मूल्यांकन का कार्य चलेगा। इसके लिए परीक्षक सहित उप परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में यह मूल्यांकन होगा। कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी की जाएगी।

### 1944 परीक्षकों तथा 197 उपपरीक्षकों की लगाई ड्यूटी

उन्होंने बताया 1944 परीक्षकों तथा 197 उप परीक्षकों को मूल्यांकन में लगाया गया है। शिक्षा परिषद ने निर्देश दिए हैं कि मूल्यांकन में लगे उप प्रधान परीक्षक सहित परीक्षकों के मोबाइल केंद्र के गेट पर ही जमा कराए जाएं। कक्ष में मूल्यांकन कार्य के दौरान उनके पास मोबाइल नहीं होना चाहिए। केंद्र पर कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रवेश न करे। इसका भी पूरा ध्यान रखा जाए।

### अशीष शाक्य ने थामा भाजपा का दामन

**एटा।** सपा के वरिष्ठ नेता रिटायर्ड मेजर डॉक्टर अशीष शाक्य ने तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सांसद राजवीर सिंह एवं जिला अध्यक्ष संदीप जैन के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए। इसमें पूर्व प्रधान बारेलाल शाक्य , प्रधान अशोक शाक्य बंटू , सुरेंद्र शाक्य डायरेक्टर डीसीबी, नरेंद्र शाक्य जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ एटा, सत्येंद्र शाक्य पूर्व डायरेक्टर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक आदि है।

### छुरा मारकर हत्या का किया प्रयास

**एटा, अमृत विचार:** नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम गुनामई निवासी राजीव पुत्र कल्याण सिंह का आरोप है कि गांव के निवासी सुभाष पुत्र वीरेन्द्र सिंह ने पीड़ित के भाई संदीप के साथ गाली गलौज करते हुए न सिर्फ मारपीट की बल्कि जान से मारने की नीयत से छुरा से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। चीखपुकार सुन मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा बचाया गया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़ित ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जैथरा के गांव अमृतपुर निवासी जयपाल सिंह पुत्र बनारसी का आरोप है कि गांव को निवासी दुर्वेश पुत्र अभिराज सिंह समेत चार लोगों ने मारपीटकर धमकी दी है।

मलावन के गांव शाहआलमपुर निवासी ऋषि मुनि पुत्र जमादार सिंह का कहना है कि मलावन के गां हिरौदी निवासी बबलू यादव समेत चार लोगों ने मारपीट कर धमकी दी है। जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम कठिंगरा निवासी राहुल पुत्र सुभाषचन्द्र का कहना है कि क्षेत्र के गांव सदियापुर निवासी नीलम समेत चार लोगों ने पीड़ित व उसके साथी को मारपीट की और बांधकर अपने घर में बंद कर दिया। जान से मारने की धमकी दी गई।


## कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : 991/न.प. शेरगढ़/वि.सू./वर्ष 2023-24 — दिनांक : 14.03.2024

**(विज्ञप्ति सूचना)**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 129-क एवं नगर विकास विभाग अनुभाग-9 के शासनादेश संख्या 2191/नौ-9-19-85ज/05टी.सी.-1 लखनऊ दिनांक 18 नवम्बर 2019 के अन्तर्गत (भवनों या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2019 के अन्तर्गत स्वकर निर्धारण करने हेतु वार्षिक किराये की दर प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्ग फुट) निम्नवत् सूची अनुसार नियत की जाती है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त दर से सम्बन्धित कोई सुझाव/आपत्ति देना हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन के दिनांक से 07 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली) में किसी भी कार्यदिवस में दे सकता है। उक्त दिनांक के बाद प्राप्त सुझाव/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। स्वकर निर्धारण करने हेतु वार्षिक किराये की दर प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्ग फुट) निम्न प्रकार निर्धारित की जाती है।

| 09 मीटर तक चौड़ाई वाले मार्ग पर स्थित भवन/भूमि | | दर |
|---|---|---|
| आवासीय | (क) पक्का भवन आर.सी.सी. या आर.बी. छत सहित | 0.50 रुपये प्रति वर्ग फुट |
| | (ख) अन्य पक्का भवन आर.सी.सी. या आर.बी. छत सहित | 0.30 रुपये प्रति वर्ग फुट |
| | (ग) कच्चा भवन | 0.25 रुपये प्रति वर्ग फुट |
| अनावासीय | 1. सरकारी/गैर सरकारी छात्रावास, स्वीमिंग पूल, क्रीड़ा केन्द्र तथा जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, थियेटर जिनका प्रयोग मात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु होता है, जिसमें वैवाहिक समारोह से सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मलित नहीं हैं, संगीत एवं नृत्य केन्द्र, सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयों (उद्योग विभाग की परिभाषा अनुसार) एकल स्क्रीन सिनेमाघर (जो मॉल में स्थित नहीं है, 120 वर्ग फुट क्षेत्रफल तक की चाय, दूध, डबल रोटी, अण्डे, धोबी, लांड्री, फल, सब्जी, फोटोस्टेट, नाई/हेयर ड्रेसर (जिनमें दो अधिक बाल काटने की कुर्सियाँ न हों और वातानुकूलन/कूलर का उपयोग न होता हो) तथा दर्जी की दुकान। | 0.50 रुपये प्रति वर्ग फुट |
| | 2. महाविद्यालय, स्नाकोत्तर महाविद्यालय एवं वृहद उद्योग (उद्योग विभाग की परिभाषा अनुसार) मेडीकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यिक काम्प्लेक्स, टैण्ट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और गैर सरकारी कोचिंग सेन्टर। | 01 रुपये प्रति वर्ग फुट |
| | 3. सरकारी, अर्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी कार्यालय भवन, सार्वजनिक उपक्रम राजकीय निगम और वोर्ड आदि, क्लीनिक, पालीक्लीनिक, डेन्टल क्लीनिक, डायग्नोस्टिक केन्द्र, पैथोलॉजी लैब, नर्सिंग होम चिकित्सालय और स्वास्थ्य परिचर्चा केन्द्र, फिजियोथिरैपी केन्द्र, प्रसूति गृह, प्राविधिक विश्वविद्यालय, मेडीकल कालेज एवं डेटल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज, प्रबन्धन संस्थान, विधि संस्थान एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान, पेट्रोलपम्प, गैस एजेन्सी, वुक डिपों और गोदाम आदि, सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप, विवाह क्लब, आडिटोरियम (प्रेक्षा गृह) सामुदायिक केन्द्र, स्टारहित होटल, एक सितारा और उसके ऊपर के होटल, टावर और होर्डिंग वाले भवन, टेलीविजन, टावर, दूरसंचार या कोई अन्य टावर, जो भवन की सतह पर या शिखर पर या खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाते हैं. बैंक, ए.टी.एम. फाइनेंस कम्पनियां, निजी क्षेत्र के कार्यालय और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान, माल्स, पब्स, बार, वासगृह, जहाँ भोजन के साथ मदिरा परोसी जाती है। | 01 रुपये प्रति वर्ग फुट |
| | 4. अन्य प्रकार के अनावासिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणी में उल्लिखित नहीं हैं। | 01 रुपये प्रति वर्ग फुट |

वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद बरेली
बुद्धसेन मौर्य, अध्यक्ष, नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद बरेली

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, बरेली

पत्रांक : C-2054/जि.का.अ./वा.वि.परि/विज्ञप्ति/2023-24 — दिनांक : 15 मार्च 2024

**आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3975/58-1-2022-2/1(22)10 टी. सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद के शहरी/ग्रमीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti-in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | रिक्त पदों का विवरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री |
|---|---|---|---|
| 1. | आलमपुर जाफराबाद | ग्रामीण | 22 |
| 2. | रामनगर | ग्रामीण | 13 |
| 3. | शेरगढ़ | ग्रामीण | 11 |
| 4. | दमखोदा | ग्रामीण | 18 |
| 5. | बहेड़ी | ग्रामीण | 14 |
| 6. | भुता | ग्रामीण | 20 |
| 7. | भदपुरा | ग्रामीण | 12 |
| 8. | नवाबगंज | ग्रामीण | 17 |
| 9. | फतेहगंज पश्चिमी | ग्रामीण | 20 |
| 10. | भोजीपुरा | ग्रामीण | 18 |
| 11. | मीरगंज | ग्रामीण | 18 |
| 12. | बिथरी चैनपुर | ग्रामीण | 10 |
| 13. | क्यारा | ग्रामीण | 13 |
| 14. | शहर | शहरी | 55 |
| 15. | मझगवां | ग्रामीण | 43 |
| 16. | फरीदपुर | ग्रामीण | 7 |
| | योग | | 311 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्व विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील परिसर एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है साथ ही विभागीय वेबासाइट https://upanganwadibharti.in/ पर अपलोड हैं।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:-**
1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगी।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा को स्थाई निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं होगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मनोज कुमार
जिला कार्यक्रम अधिकारी, बरेली।

## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

पत्रांक: 711/मु.अभि./नि.वि./2023-24 — दिनांक 15.03.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.- 3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग- 05 उ.प्र. शासन दिनांक 20 सितबर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15 वां वित्त आयोग के अन्तर्गत पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक संख्या-01) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 18-03-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 18-03-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | 22-03-2024- (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 22-03-2024- (04:00 PM) |
| फाईनेन्शियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्य का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियंता
नगर निगम, बरेली

## कार्यालय ग्रा0पं0 खिरिया,वि0ख0 निगोही, (शाहजहाँपुर)

पत्रांक- 05/पं0/निविदा/वर्ष 2023-24 — दिनांक 14.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा0 पं0 खिरिया वि0 ख0 निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजनांतर्गत निम्नलिखित कार्यो का निर्माण कराया जाना है जिस हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अत: निम्नलिखित कार्यो के सम्मुख अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 18/03/24 को अपरान्ह 3 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो तददिनांक को अपरान्ह 4:00 बजे सम्बंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- ◆ निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- ◆ सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- ◆ निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोकनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- ◆ उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- ◆ किसी भी विवाद का न्यायिकक्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|
| | प्राथमिक विद्यालय घनश्यामपुर में बाउंड्रीवाल व गेट निर्माण कार्य। | प्रथम श्रेणी ईट एम-150 |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत खिरिया, वि.खं. निगोही जनपद शाहजहांपुर
सचिव, ग्राम पंचायत खिरिया, वि.खं. निगोही जनपद शाहजहांपुर

सत्यमेव जयते
Telephone : (0581)-2510628
Fax : (0581)- 2511283
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: mailto:comp.robareilly@epfindia.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

**मै. अग्रवाल कोल्ड स्टोरेज एण्ड आइस फैक्टरी, 28-ए, इज्जतनगर, बरेली के विरूद्ध चल रही अधिनियम की धारा 7-क की कार्यवाही में कर्मचारियों की शिनाख्त के संबंध में।**

मैं. अग्रवाल कोल्ड स्टोरेज एण्ड आइस फैक्टरी, 28-ए, इज्जतनगर, बरेली भ.नि. कूट क्रमांक UPBLY0020545000 के विरूद्ध कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 की धारा 7-क के अंतर्गत कार्यवाही दिनांक 24.08.2023 से चल रही है, जिसकी अवधि 10/1995 से 11/2004 है।

यह प्रेस विज्ञप्ति उन श्रमिकों के लिए जिन्होंने उल्लिखित अवधि में उपर्युक्त प्रतिष्ठान में काम किया है या प्रभावित पक्ष हैं या उक्त प्रतिष्ठान के ऐसे नियोजित कर्मचारी जिनकी 7-क की जांच अवधि से सबंधित कोई शिकायत या परिवेदना है वे प्रतिष्ठान के विरूद्ध चल रही धारा 7-क की कार्यवाही में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, जिससे लाभार्थियों की शिनाख्त की जा सके। अधिनियम की धारा 7-क की कार्यवाही में सुनवाई की अगली तिथि 04.04.2024 को नियत है।

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-II
क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोहाना, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**निविदा सूचना**

मनरेगा एवं ग्राम निधि की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्येदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराये जाने हैं, जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, बजरफुट, सरिया, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाइल्स, आदि की आपूर्ति की जानी है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | तुलसी राम के घर से नहर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | ल. 108 मी. | 3,98,584 |

उक्त कार्य ग्रा.पं. की निगरानी में कराया जायेगा। पंजीकृत फर्म को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर कराये जाने हेतु दिनांक 16.03.2024 से 17.03.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा आमंत्रित की जायेगी, जो उसी दिन सायं 4 बजे कार्यालय में ग्राम प्रधान और जन प्रतिनिधियों के सामने निविदा खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान-सुंदरवती — सचिव-विकास रविन्द्र

## कार्यालय ग्राम पंचायत कीरतपुर धीमी वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 25 लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 — दिनांक : 12.03.24

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कीरतपुर धीमी में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य नीरज के मकान से रामपाल के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना है जिसकी अनुमानित लागत 1.53 लाख है, सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके लिए सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता, ईट, रोड़ा आदि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे कार्यालय ग्राम पंचायत में दिनांक 18.03.24 तक जमा कर सकते हैं जिसको उसी दिन दोपहर 2 बजे खोला जायेगा।

रीना यादव, प्रधान — दानिश खां, सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत विल्सा, वि.खं. शेरगढ़ (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत विल्सा में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | रामचन्द्र के मकान से सुम्मेरी लाल के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 4.03 लाख |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 16.03.2024 से 16.03.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दिनांक 16.03.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान-धर्मेन्द्र कुमार — सचिव-इमरान

## कार्यालय ग्राम पंचायत पेहना, विकास खंड भदपुरा, नवाबगंज, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पेहना की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 16.03.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 16.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | नरेश चन्द्र के मकान से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | ल. 100 मी. | 3,95,866.62 |

ग्राम प्रधान-मीना देवी — सचिव-सुनील माथुर

## कार्यालय नगर पंचायत मैलानी जनपद-खीरी

पत्रांक-मेमो/न.प.मे./2023-24 — दिनांक : 15.03.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मैलानी द्वारा नगर में मैन्युअल स्वच्छकार एवं अस्वच्छ शौचालय सर्वेक्षण कराया गया है जिसमें नगर सीमान्तर्गत वर्तमान समय में कोई भी मैन्युअल स्वच्छकार एवं अस्वच्छ शौचालय नहीं पाये गये हैं।

अत: किसी संस्था/एन.जी.ओ./सिविल सोसाइटी तथा जनता द्वारा नगर क्षेत्र के किसी वार्ड में मैन्युअल स्वच्छकार एवं अस्वच्छ शौचालय पाये जाते हैं तो इसकी सूचना कार्यालय नगर पंचायत मैलानी को प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर अपना सुझाव कमेन्ट दे सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मैलानी
जनपद-खीरी

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुकटिया, वि.खं. दमखोदा (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत सुकटिया में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है- ईंट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सुशीला देवी के घर से भूपराम के घर तक दोनो साइड नाली निर्माण, मिट्टी कार्य व सी.सी. रोड निर्माण | 85 मी. | 6,99,000/- |
| 2. | सुकटिया जूनियर हाई स्कूल में खेल मैदान का निर्माण कार्य | - | 1,99,000/- |
| 3. | अली अहमद के घर से सैफन व नहर किनारे नाला निर्माण कार्य | 90 मी. | 2,75,000/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.03.2024 से 16.03.2024 दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन दिनांक 16.03.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान-अरशद मलिक — सचिव-मो. फईम

## कार्यालय नगर निगम, बरेली

**पुनः ई-निविदा सूचना**

पत्रांक : 197/का.अधी./न.नि.ब./2023-24 — दिनांक : 15.03.2024

नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के माध्यम से कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति नग कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट http:/nagarnigambareilly.com पर देखा जा सकता है। निविदा मूल्य+जी.एस.टी. के माध्यम से नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ. डी.आर. के माध्यम से देय होगी। तथा एफ.डी.आर. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य RTGS के माध्यम से ई-टेण्डर नगर निगम, बरेली के नाम देय होगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15-03-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 15-03-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 29-03-2024 - (10:00 AM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 30-03-2024 - (12:00 PM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | तकनीकी मूल्यांकन के बाद |


| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+18% GST | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने हेतु कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित करने के सम्बन्ध में। | 35,000.00 | 1666+300 = 1966 | 15 दिवस |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

कार्यालय अधीक्षक
नगर निगम, बरेली।

**केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे**

# दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट




**1977** में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोका


**2014** में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को मिली जीत

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लडे.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।


केसी पंत


एनडी तिवारी


बची सिंह रावत


हरीश रावत

### 12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

**कब कौन रहा विजयी**

| चुनाव | सदस्य | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951-52 व 1957 | चंद्र दत्त पांडे | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1962 व 1967 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1971 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर) |
| 1977 | भारत भूषण | जनता पार्टी |
| 1980 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1984 | सत्येंद्र चंद्र गुडिया | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1989 | महेंद्र सिंह पाल | जनता दल |
| 1991 | बलराज पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | नारायण दत्त तिवारी | ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) |
| 1998 | इला पंत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2002 | महेंद्र सिंह पाल | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2004 व 2009 | करन चंद सिंह बाबा | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2014 | भगत सिंह कोश्यारी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अजय भट्ट | भारतीय जनता पार्टी |

### जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

### बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का



नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

### चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

**53** दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

**464** पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

**6** राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे



**39** राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

**419** रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

### चुनावी तीर



अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

**अभय सिंह चौटाला,** इनेलो नेता



देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

**केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

**– सौरभ भारद्वाज,** मंत्री, दिल्ली सरकार



# मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल



**22,18,224** कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

**179** थर्ड जेंडर वोटर

**12,04,551** पुरुष वोटर

**10,13,494** महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।

शाहजहांपुर



**जिले में अनुमानित जनसंख्या**

| धर्म | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हिंदू | 2,412,595 | 80.24 |
| मुसलमान | 527,581 | 17.55 |
| ईसाई | 4,630 | 0.15 |
| सिख | 51,090 | 1.70 |
| बौद्ध | 2,312 | 0.08 |
| जैन | 301 | 0.01 |
| अन्य | 84 | -- |

### तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कोरई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58.53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35.73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

## ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।

**संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट**


# संघ का चला ब्रह्मास्त्र हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे।

तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।



### 1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य

गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

**1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका**

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

**जालौन-गरौठा लोकसभा**



● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

**एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता**

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

**2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम**

| विधानसभा | भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा | बसपा अजय सिंह पंकज | कांग्रेस बृजलाल खाबरी |
|---|---|---|---|
| भोगनीपुर | 93,580 | 95,707 | 8,114 |
| माधौगढ़ | 1,31,505 | 81,174 | 23,073 |
| कालपी | 1,08,024 | 91,502 | 23,073 |
| उरई | 1,30,028 | 85,811 | 22,895 |
| गरौठा | 1,16,586 | 68,282 | 20,644 |
| वोट प्रतिशत | 52.0 | 37.9 | 8.1 |

**पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 35.8 | 31.2 | 20.6 | 2.3 |
| 2019 लोकसभा | 52.0 | --- | 37.9 | 8.1 |
| 2017 विधानसभा | 43.8 | 15.8 | 23.2 | 8.7 |
| 2014 लोकसभा | 12.1 | 16.3 | 23.6 | 7.5 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

# बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला-कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

## प्रसंगवश

# लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उतर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

# चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्बाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें, फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफत में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

## सोशल फोरम

# पर अंधेरा तो अंधेरा है



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्त्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

# राम और रमा दोनों को लाए हैं



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!

## सार-संक्षेप

### खराब खाद्य पदार्थ के आरोप में हाईकोर्ट में कैंटीन सील

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं को खराब खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने वाली एक कैंटीन को शुक्रवार को सील कर दिया गया और खाद्य पदार्थ के नमूने को जांच के लिए भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई अधिवक्ताओं की पहल पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की है। मालूम हो कि कोर्ट नंबर 83 के बगल स्थित कैंटीन से मिल रही खाने-पीने की चीजों को लेकर अधिवक्ताओं की ओर से लगातार शिकायती मिल रही थी। शुक्रवार को पूर्व महासचिव एसडी सिंह यादव ने अधिवक्ताओं की शिकायत पर आपत्ति जताई और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के इंस्पेक्टर को कॉल किया। इंस्पेक्टर ने कैंटीन में रखी खाद्य सामग्री के नमूने लिए और साथ ही खाद्य सामग्री खराब मिलने पर कैंटीन को सील कर दिया। इसके अलावा जांच के दौरान कैंटीन के कर्मचारियों के पास पहचान पत्र भी नहीं मिले। इस दौरान पूर्व संयुक्त सचिव (प्रेस) आशुतोष त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### कोर्ट ने हर्जाने के साथ खारिज की याचिका

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति की याचिका खारिज होने के बाद पत्नी द्वारा इस मामले में दूसरी याचिका दाखिल करने को न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करार देते हुए 20 हजार रुपए हर्जाने के साथ खारिज कर दिया। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने अमारिन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। मामले के अनुसार जिला पंचायत लालगंज, मिर्जापुर के सदस्यों वसीम अहमद और शमसुद्दीन द्वारा सरकारी धन के गबन की वसूली की मांग को लेकर पति ने याचिका वापस ले ली थी। उसके बाद पत्नी की ओर से फिर वही याचिका दाखिल की गई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह जनहित याचिका पति ने राहत न मिलते देख याचिका वापस ले ली की विधिक फॉर्म में जाएंगे और उसके बाद उसकी पत्नी ने बिना कोई बदलाव किए हूबहू वही याचिका जनहित याचिका के रूप में दाखिल कर कार्रवाई की मांग की है। दोनों में अधिवक्ता एक ही हैं। दोनों याचिकाओं में जिला पंचायत के दो सदस्यों पर गबन के आरोप की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करने और गबन राशि की वसूली करने की मांग की गई थी।

### 21 सौ बच्चों को पढ़ाई के लिए धनराशि का इंतजार

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में जिले के 12 सौ से अधिक पात्रों को धनराशि का इंतजार है। हालांकि भुगतान के लिए बिल बनकर तैयार हो गया है और बजट का इंतजार है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे को दिया जाता है जिन्होंने अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो दिया है। इसके तहत 25 सौ रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। पात्रों को भुगतान तिमाही किया जाता है। वित्तीय वर्ष का अंतिम सप्ताह चल रहा है और 2134 बच्चों का विवरण बनाकर बिल तैयार कर लिया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि एक-दो दिन में बजट मिलने की उम्मीद है। बजट मिलते ही धनराशि पात्रों के खातों में भेज दी जाएगी।

### तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुक्रवार को चार आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस विपिन कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि इसपर कार्यरत आईएएस कामता प्रसाद सिंह का एडिशनल कमिश्नर फूड और सचिव सतर्कता आयोग के पद पर तबादला हुआ। आईएएस अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाई गईं।

### यूपीएसआरटीसी को दिल्ली में मिले 3 राष्ट्रीय पुरस्कार

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में रोड सेफ्टी के साथ ही परिवहन में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का राष्ट्रीय स्तर पर असर देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग (यूपीएसआरटीसी) को नई दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) ने तीन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंसी अवार्ड कहा जाता है। यह अवार्ड निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले संस्थानों को अलग अलग कैटेगरी में दिया जाता है। यूपीएसआरटीसी को दो कैटेगरी (रोड सेफ्टी और फ्यूल एफिशिएंसी) में विनर के रूप में, जबकि एक (न्यू इनीशिएटिव्स) में रनर अप का पुरस्कार मिला है। इन पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए परिवहन निगम की तरफ से अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या उपस्थित रहीं। वहीं, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद, जीएम आईटी युजवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### सेवा न करने पर वेतन का हकदार नहीं कर्मचारी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बकाया वेतन भुगतान और वरिष्ठता सहित अन्य परिणामी लाभों के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमारे देश में रोजगार के अवसर एक दुर्लभ वस्तु है। प्रत्येक विज्ञापन सीमित संख्या की रिक्तियों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है। ऐसे में किसी उम्मीदवार की पात्रता उपयुक्तता के बावजूद केवल साख के आधार पर रद्द कर दी जाए तो यह उचित नहीं है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि केवल झूठी जानकारी को दबाने से इस तथ्य की परवाह किए बिना कि दोषमुक्ति दर्ज की जा चुकी है, कर्मचारी की भर्ती को समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि कर्मचारी उस अवधि के लिए वेतन के किसी भी बकाया का हकदार नहीं है, जिसके दौरान उसने सेवा नहीं की है। इस आधार पर कैट ने वर्तमान मामले से संबंधित याचिकाओं को खारिज कर दिया था, क्योंकि याची रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार जूनियर इंजीनियर-II (टेली) के पद पर नियुक्त हुआ था। नौकरी में शामिल होने के बाद पता चला कि उसने अपने सत्यापन फार्म में तथ्य छिपाए थे। इसके लिए याची को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। हालांकि याची ने नोटिस का जवाब दिया। याची ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के समक्ष आवेदन दाखिल किया कि उसे बकाया वेतन और वरिष्ठता सहित अन्य परिणामी लाभ प्रदान किए जाएं, लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

### पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश को 25 तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्रहित को देखते हुए पीएचडी सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क के साथ 25 मार्च तक और इसके बाद विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की तिथि 15 मार्च एवं विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च निर्धारित थी। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फरुख जमाल ने बताया कि परिसर के बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित एवं सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। इसके अलावा अप्लाइड साइंस एवं ह्यूमिनिटी में गणित, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, सैन्य विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू विषय में भी पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है।

## अमरमणि त्रिपाठी के मामले की सुनवाई 20 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के एक मामले में पूर्व बसपा सांसद अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका 20 मामलों में एक लंबा आपराधिक इतिहास है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई 17 दिसंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले पूरे मामले की आर्डर शीट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।

## दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता पर समझता सब है

# ग्रामीणों के साथ सारस की अनोखी दोस्ती, मांग पर करता है डांस

**अकबर अली, बभनजोत,गोंडा**

- गांव वालों के साथ ही खाता पीता और सोता भी है
- दूरदराज से सारस को देखने आ रहे हैं लोग

**अमृत विचार:** अमेठी के मंडका गांव के रहने वाले आरिफ की राजकीय पक्षी सारस से दोस्ती की कहानी तो आपको याद ही होगी कि किस तरह घायल सारस का इलाज करने वाले आरिफ से सारस की दोस्ती परवान चढ़ी थी।

ठीक इसी तरह का वाकया गोंडा जिले के बभनजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत मन्नीजोत के मजरा डिवलीडीह में सामने आया है। यहां भी एक सारस पक्षी लोगों के उत्सुकता का केंद्र बना है। यह पक्षी गांव के लोगों के बीच ही रहता है उन्हीं के साथ खाना खाता है और गांव में ही सोता भी है। ग्रामीणों से उसकी



सारस को दाना खिलाते ग्रामीण कल्लू।

दोस्ती ऐसी है कि वह उनके बुलाने पर आवाज भी लगाता है और उनकी डिमांड पर डांस भी करता है। हालांकि दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता। यह सारस पक्षी करीब डेढ़ साल से गांव वालों के साथ ही रह रहा है। गांव के लोगों के साथ इस सारस पक्षी की दोस्ती यहां के गों के लिए कौतूहल का केंद्र बनी है। मन्नीजोत गांव के डिवलीडीह के रहने वाले कल्लू ने बताया कि करीब डेढ वर्ष पहले यह सारस पक्षी उन्हे गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे जख्मी हालत में पड़ा मिला था।

इसके बाद वह सारस को उठाकर घर से आए। उसकी मरहम पट्टी की और उसे खाना खिलाया। कुछ दिन बाद वह ठीक हो गया तो वह उसे वापस तालाब पर छोड़ आए,लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही सारस उड़कर उनके घर पहुंच गया। कल्लू बताते हैं कि कई बार उन्होने सारस को तालाब पर छोड़ा लेकिन हर बार वह वापस लौट आया। एक बार उसके पंख में चोट लग गयी और उसका एक पंख क्षतिग्रस्त हो गया। तब से वह गांव में ही इंसानों के बीच रहता है। गांव के लोग से उसकी अच्छी खासी दोस्ती हो गई है।

### सारस को पारिवारिक सदस्य की तरह मानते है ग्रामीण

सारस पक्षी को गांव के लोग अपने पारिवारिक सदस्य की तरह से मानते हैं। गांव के राम सुरेश ने बताया कि यह सारस काफी दिनों से हमारे बीच रह रहा है और हम लोग इसे खूब प्यार करते हैं गांव के सभी लोग इसे खिलाते पिलाते रहते हैं और इसका ध्यान भी रखते हैं। यह अपने मर्जी से गांव में घूमता रहता है। गांव में ही एक दुकान है जब उसे भूख लगती है तो वह दुकान पर चला जाता है। वहां पर बैठे हुए गांव के लोग उसे बिस्किट, नमकीन आदि दे देते हैं और वह खा लेता है खाने के बाद वह बगीचा में चला जाता है। इस सारस पक्षी की चर्चा सुनकर दूर दराज से लोग इसे देखने भी आते हैं।

# युवाओं के लिए आजीविका तो आस्था का सम्मान भी: योगी

## मुख्यमंत्री बोले - हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी होंगे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा भी है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के साथ सिद्धार्थनगर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह व सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण



मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 4,000 छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण करते हुए।

होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी।

कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार ललितपुर में 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने जनता से पूछा कि मुफ्त राशन, आवास, और स्वास्थ्य बीमा कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें दे सकती थीं, क्या राममंदिर निर्माण पिछली सरकारों के दौर में संभव था, जनता की ओर से एक स्वर में नहीं की आवाज आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 11वें नंबर पर था लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत दुनिया का 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

## अवैध कॉलोनी निर्माण पर शीघ्र निर्णय ले प्राधिकरण

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ से बागपत राजमार्ग पर अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में याचिका पर विचार करते हुए कहा कि संबंधित प्राधिकरण ने अनधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। दरअसल सिटी प्लाजा कॉलोनी का निर्माण करने के लिए उस क्षेत्र को चिन्हित किया गया है जहां बड़ी संख्या में पेड़ है। कॉलोनी के निर्माण के लिए उन्हें काटा भी गया है। हालांकि, बागपत विकास प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही यूपी शहरी नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 (संशोधित) की धारा 28(2) के प्रावधानों के अनुसार अनधिकृत निर्माण रोकने के लिए पहले ही संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचित कर दिया गया है।

## उच्च शिक्षा में बढ़ी नामांकन संख्या खोले जायेंगे नये महाविद्यालय

**कार्यालय संवाददाता लखनऊ**

- वर्तमान सत्र में 54,76,441 छात्र-छात्राओं ने परंपरागत पाठ्यक्रमों में लिया दाखिला

**अमृत विचार:** पिछले शैक्षिक सत्र की अपेक्षा इस बार यूपी के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसकी वजह ये है कि योगी सरकार के प्रयास से शैक्षिक गुणवत्ता में काफी सुधार देखने को मिला है। ये जानकारी प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शुक्रवार को दी है।

उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रसार के लिए भी प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र में लंबे वक्त के बाद रिकॉर्ड दाखिले हुए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से तैयार वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कुल 62 विश्वविद्यालयों और 7925 महाविद्यालयों में 54 लाख से अधिक युवाओं ने दाखिला लिया है । महत्वपूर्ण बात यह भी है कि पिछले साल की तुलना में रजिस्ट्रेशन में भी इस साल दस लाख से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अतिरिक्त इस सत्र में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाली कुल विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। इस सत्र में कुल प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 26,68,971 छात्रों ने प्रवेश लिया तो वहीं 28,07,470 छात्राओं ने उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया है। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखकर 156 नये महाविद्यालय प्रयागराज मंडल में खुलने जा रहे हैं। इनको संबद्धता प्रो. राजेंद्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय की ओर से दी जायेगी।

## पुलिस विभाग को भवनों के लिए मिले 17.53 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए कमिश्नरेट कानपुर व गौतमबुद्धनगर के लिए 17 करोड़ 53 लाख 41 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत करके भेजी है।

यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना विधनू के अन्तर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रूपये 816.42 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनराशि रूपये 4 करोड़ 8 लाख 21 हजार निर्गत कर दी गयी है।

## यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- 600 लोगों को मिलेगा रोजगार
- 8 भूखंडों के लिए ई ऑक्शन पूरा

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अपने आठ संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ रुपये की थी। इस बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपए अधिक है। इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के 1 भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजीनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लक्स कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर बिड लगी है।

## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. 1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5. 1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना : अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10. 1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

**ऊपर से नीचे**


1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2. 1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3. 1. अधिक मात्रा में तेल

6. 1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8. 1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 शिं | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 तो |
| 3 अ | शु | चि | ■ | 4 स | दो | ष |
| ■ | मा | ■ | ■ | तां | ■ | ण |
| ■ | 5 र | ण | 6 रं | ग | ■ | ■ |
| 7 सें | ■ | ■ | ज | ■ | 8 चौ | ■ |
| ध | ■ | ■ | नी | ■ | 9 को | ड |
| ■ | 10 वि | ज | य | क | र | ■ |

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मार्च,शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 16 .05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

**वृष** — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

**मिथुन** — आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

**कर्क** — आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन: स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

**कन्या** — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**तुला** — आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

**धनु** — आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — आज विवाहेत्तर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मीन** — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | शक्तिमान | सुबह : 09 .17 |
| B4U Movies | बधाई हो बधाई | शाम : 06 .55 |
| Sony Max | पीके | सुबह : 10 .31 |
| Sony Max | पागल पत्नी | रात : 07 .03 |
| Sony Pix | घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ | सुबह : 10 .13 |
| Sony Pix | ए मैन कॉल्ड ओटो | शाम : 06 .42 |
| Zee Cinema | जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | सुबह : 08 .00 |
| Zee Cinema | रूस्तम | रात : 07 .00 |
| Colors Cineplex | लाल सिंह छाबड़ा | सुबह : 09 .59 |
| Colors Cineplex | कुछ कुछ होता है | शाम : 06 .58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का : हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?
युवती : अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।
लड़का क्यो?
युवती : अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का - मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,
घर वाले नहीं मान रहे हैं...!
लड़की - तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?
लड़का - एक पत्नी और दो बच्चे...!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली. 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गैलक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छौंटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**- डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

## कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।



### ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयीः सुब्रमण्यन




पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ''पूरी तरह रहस्यमयी'' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

## एआई से वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा चुनौतियां कई गुना बढ़ींः दास

मुंबई, एजेंसी



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से साइबर सुरक्षा चुनौतियां कई गुना बढ़ीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने वित्तीय संस्थानों से ग्राहक जानकारी की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के लिए कहा।

दास ने आरबीआई लोकपाल के वार्षिक सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि विनियमित संस्थाएं वित्तीय लेनदेन, ग्राहक संपर्क और परिचालन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ें अपने पास रखती हैं। आंकड़ों के इस व्यापक भंडार में डेटा विश्लेषण के जरिए ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने का एक अनूठा अवसर निहित है। दास ने कहा कि डेटा विश्लेषण की ताकत का उपयोग करके विनियमित संस्थाएं ग्राहकों की जरूरतों का अच्छी तरह से अनुमान लगा सकती हैं, मुद्दों का तुरंत समाधान कर सकती हैं और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर सकती हैं।

### लंदन ने आरबीआई को जोखिम प्रबंधक पुरस्कार के लिए चुना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग ने केंद्रीय बैंकिंग पुरस्कार 2024 के तहत उसे जोखिम प्रबंधक पुरस्कार के लिए चुना है। रिजर्व बैंक ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,550 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,550 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,700। |

## सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

## चाय की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चाय की गुणवत्ता में सुधार और इसके सुरक्षित तथा स्वच्छ उत्पादन के लिए तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों में एक व्यापक क्षमता निर्माण की योजना भी तैयार की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई चाय उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ चाय की गुणवत्ता में सुधार करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

## निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े



भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।



# टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

कन्याकुमारी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

### कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

**पथानामथिट्टा (केरल)।** मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

## देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

**कोलकाता।** देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

## चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

नई दिल्ली, ब्यूरो

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं आठ समन

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे आठ समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें समन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया था। बाद में वे ईडी के समन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।



आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गईं हैं कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

### एक नजर

#### छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

#### झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

## बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

## भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

शिमला, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

## सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले

**अमृत विचारः** लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की तलवार लटकी रहती है।



अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

## चुनावी बॉण्ड दुनिया का सबसे बड़ा जबरन वसूली गिरोह है

ठाणे, एजेंसी

- राहुल गांधी बोले-इसका उद्देश्य कॉरपोरेट्स को भाजपा को पैसा देने के लिए डराना था

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से लाई गई गई चुनावी बॉण्ड योजना को "दुनिया का सबसे बड़ा 'एक्सटॉर्शन रैकेट' (जबरन वसूली गिरोह)" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "दिमाग की उपज" करार दिया। इस योजना को अब रद कर दिया गया है।



राहुल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि योजना के माध्यम से एकत्र किए गए धन का इस्तेमाल शिवसेना और राकांपा जैसे राजनीतिक दलों को तोड़ने और सरकारों को गिराने के लिए किया गया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर एक दिन पहले ही इस योजना से जुड़े आंकड़े सार्वजनिक किए गए थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तय करेंगे कि उन्हें अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, "कुछ साल पहले, प्रधानमंत्री ने राजनीतिक वित्त प्रणाली को साफ करने के लिए चुनावी बॉण्ड (योजना) तैयार करने का दावा किया था। पता चला कि यह भारत के सबसे बड़े कॉरपोरेट्स से पैसे ऐंठने का तरीका था।

### चुनावी बॉण्ड मामले की उच्चतम न्यायालय जांच कराए



**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना से जुड़े मामले की उच्चतम न्यायालय को उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और सच सामने आने तक भाजपा के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई जाए। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक किए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-प्रधानमंत्री कहते हैं 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा', लेकिन आज उच्चतम न्यायालय ने यह उजागर कर दिया है कि कैसे भाजपा ने चुनावी बॉण्ड से पैसा बनाया है। एसबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा को कुल चंदे का 50 प्रतिशत से अधिक मिला, जबकि कांग्रेस को केवल 11 प्रतिशत मिला है।

## लोकसभा सदस्य अब्दुल खालिक ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य अब्दुल खालिक ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। असम के बारपेटा से लोकसभा सदस्य खालिक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे त्यागपत्र में यह दावा भी किया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह के रवैये ने प्रदेश में पार्टी की संभावनाओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। हाल ही में कांग्रेस ने खालिक का टिकट काट दिया था।

# धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा- एमएसडी एक ही हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर,



लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

## सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं



**मुंबई, एजेंसी।** आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्राफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

# आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और साल: मुशीर

मुंबई, एजेंसी

क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले



समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं। हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

## खेल डायरी

### अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से होगी भिड़ंत



**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

**होबार्ट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29 .87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

### बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल




**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

## नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लंघन होने पर प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 टी-20 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी: बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



- तनीषा और अश्विनी की हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी।

### अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**पेरिस।** एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

### यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

**मुंबई, एजेंसी।** टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

# 5 रन से मुंबई को हराकर फाइनल में पहुंचा बेंगलुरु

नई दिल्ली, एजेंसी


एलिस पेरी के 66 रन और गेंदबाजों के प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सेमीफाइनल में मुंबई इंडियंस को पांच रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

136 रन के लक्ष्य को पाने उतरी मुंबई की यास्तिका और मैथ्यूज ने पहले विकेट लिए 27 रन जोड़े। मैथ्यूज 15 और यास्तिका 19 रन पर बोल्ड हुई। नेट साइवर-ब्रेंट 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 रन की पारी खेली। जीत के करीब संजीवन 1, पूजा 4 रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया 27 रन और अमनजोत कौर 1 रन पर नाबाद रही। मुंबई 6 विकेट पर 130 रन ही बना सकी और जीता हुआ मैच पांच रन से हार गई। आरसीबी की श्रेयंका पाटिल ने 2 और एलिस पेरी, सोफी मोलिन्यू, जॉर्जिया वेयरहम और सोभना आशा ने 1-1 विकेट लिए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने आई आरसीबी की शुरुआत खराब रही और सोफी डिवाइन (20 रन) दूसरे ओवर में आउट हुईं। कप्तान स्मृति मंधाना 10 रन पर आउट हुईं। ऋचा घोष ने 14, सोफी मोलिन्यू ने 11 रन बनाया। वहीं पेरी के 50 गेंदों में 66 और जॉर्जिया के 18* रन की पारी से बेंगलुरु लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**आरसीबी : 135/6,** एलिस पेरी 66 (50 गेंद), जॉर्जिया वेयरहम 18* (10 गेंद), ऋचा घोष 14 (19 गेंद)। **विकेट :** हेली मैथ्यूज 2, नेट साइवर-ब्रंट 2, साइका इशाक 2।

**मुंबई इंडियंस : 130/6,** नेट साइवर-ब्रंट 23 (17 गेंद), हरमनप्रीत कौर 33 (30 गेंद) एमेलिया केर 27* (25 गेंद)। **विकेट :** श्रेयंका पाटिल 2, एलिस पेरी 1, सोफी मोलिन्यू 1, जॉर्जिया 1, सोभना 1।



## बॉलीवुड हलचल

### अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई .डी . के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई .डी . के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई .डी . पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई.. लेकिन कल रात काम से देर हो गई.. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है.. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी.. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है.. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा.. जिम.. शरीर को गतिशील बनाने के लिए.. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना.. भविष्य हमेशा अज्ञात है.. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है.. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है.. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

### पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।

### मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

### श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# पाकिस्तान की सीमा पर तैनात होंगे अपाचे, स्क्वॉड्रन स्थापित

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय सेना ने पश्चिमी क्षेत्र में जमीनी अभियानों में मदद करने के लिए शुक्रवार को राजस्थान में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर का अपना पहला स्क्वॉड्रन स्थापित किया। लड़ाकू हेलीकॉप्टर को पाकिस्तान सीमा के करीब तैनात किया जाएगा।

जोधपुर में पहली स्क्वाड्रन स्थापित की गई। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आर्मी एविएशन कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अजय सूरी और बोइंग निर्माण के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में जोधपुर में इसकी घोषणा हुई। इसकी तैनाती से पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने में मदद मिलेगी। भारतीय सेना ने इस मौके पर कहा कि स्क्वाड्रन का पहला हेलीकाप्टर इस साल मई के महीने में अमेरिका से आने वाला है। इस स्क्वाड्रन के गठन से पशितमी रेगिस्तान क्षेत्र में सेना की ताकत और मजबूत होगी।

अपाचे हेलीकॉप्टरों की डिलीवरी मई में शुरू होने की संभावना है। अपाचे को अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने बनाया है और यह दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है। भारतीय सेना ने इस मौके पर कहा कि स्क्वाड्रन का पहला हेलीकाप्टर इस साल मई के महीने में अमेरिका से आने वाला है। इस स्क्वाड्रन के गठन से पशितमी रेगिस्तान क्षेत्र में सेना की ताकत और मजबूत होगी।

## सीएए में नागरिकता आवेदन को सरकार ने एप लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) 2019 के तहत भारत की नागरिकता चाहने वालों के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक मोबाइल एप लॉन्च किया। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, एप्लिकेशन को 'गूगल प्ले स्टोर' या केंद्र सरकार की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, इससे पहले गृह मंत्रालय ने सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के लिए पात्र लोगों के लिए पोर्टल शुरू किया था। विवादास्पद सीएए को लागू करने के नियमों को सोमवार को अधिसूचित किया गया था जिससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने का मार्ग प्रशस्त हो गया था।

# आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

*नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...*




### सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

### क्या होते हैं प्रावधान



- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।
- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

**सभा और रैली के लिए क्या हैं नियमः-** सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

## एक नजर

### पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल रामदास का हैदराबाद में निधन

**हैदराबाद।** भारतीय नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास का शुक्रवार को एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया।



वह 90 वर्ष के थे। रामदास ने दिसंबर, 1990 से सितंबर, 1993 तक नौसेना प्रमुख के पद पर अपनी सेवाएं दी थीं। उनके नेतृत्व में आईएनएस ब्यास ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पाकिस्तानी नौसेना के समुद्री मार्गों को तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से 90 हजार सैनिकों को निकालने के इस्लामाबाद के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सीएए वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर कर निर्णय लिया।

### जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। उन्होंने कहा जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

### गाजा में खाने का इंतजार कर रहे लोगों पर फायरिंग, 29 की मौत

**यरुशलम।** गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। राफा में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजराइल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

# सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

## अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

### प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं



सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

### सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं।



बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

## एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।



मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी



रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी

यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।



सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

## हसीन वादियों में बहार...



**जापान :** टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

## रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

**श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड**

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

# आगामी वर्षों में भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग और महत्वपूर्ण

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- तेजी से मजबूत हो रहे दोनों देशों के संबंध

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

## मई में नहीं होंगे चुनाव सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

**लंदन।** ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। सुनक ने कहा कि ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

**विज्ञान** हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा


# बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।



यूरोपा की ताजा तस्वीर।

### यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें दीं तो नए प्रतिबंध लगाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर युद्ध के लिए रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें देने की योजना को आगे बढ़ाता है, तो प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले पश्चिमी देश उस पर नए प्रतिबंध लगा सकते हैं।

बता दें, बाइडन प्रशासन महीनों से चेतावनी दे रहा है कि रूस ईरान से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की मांग कर रहा है। रूस हथियारों की घटती आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष कर रहा है। अमेरिका ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि मिसाइलें ईरान से रूस भेजी गई हैं या नहीं। लेकिन अमेरिकी अधिकारी उन अधिकारियों के बयानों से चिंतित हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि जल्द दोनों देशों के बीच एक सौदा हो सकता है। अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जी-7 देशों का समूह ईरान को रूस के लिए उड़ान भरने से रोकने के कदम विचार कर रहा है।

# पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

माले, एजेंसी

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।

